




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर, दुर्ग एवं जगदलपुर से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ








वर्ष 15, अंक 142 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, बुधवार 15 अप्रैल 2026 | www.samaydarshan.in


## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित होकर पलटी डबल डेकर बस, शीशे तोड़कर बाहर निकाले यात्री

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के थाना नौहझील क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। सीओ संदीप सिंह ने हादसे की जानकारी दी कि नोएडा से बिहार के दरभंगा जा रही यात्रियों से भरी डबल डेकर बस माइलस्टोन संख्या 76 के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। सभी 72 यात्री सुरक्षित हैं। सीओ संदीप सिंह बताया कि स्थानीय थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और बस के अंदर फंसे लोगों को शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया। 10 से 12 लोग मामूली रूप से चोटिल हुए थे, जिनको इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया।घटना शाम करीब 07:36 बजे की है। बस नोएडा से सवारियां लेकर दरभंगा की ओर जा रही थी। जैसे ही बस नौहझील थाना क्षेत्र के माइलस्टोन 76 पर पहुंची, चालक नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क के बीचों-बीच पलट गई। सूचना मिलते ही पीआरवी 1877 ने तत्काल स्थानीय पुलिस को जानकारी दी।दुर्घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष नौहझील और बाजना कट चौकी प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बस के दरवाजे ब्लॉक हो जाने के कारण यात्री अंदर फंस गए थे।

### जीजा साली ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रांची।** बुंडू के पगला बाबा के पास एक पेड़ में लड़का लड़की फांसी लगाकर पेड़ पर लटकते हुए नजर आई। लड़की बुंडू के निउरी गांव की युवती है युवती की शादी होने वाली थी कन्या देखा कार्यक्रम होने वाली थी। जैसे ही लोगों को पता चलता है कि बुंडू के पगला बाबा के पास एक पेड़ पर एक लड़का और लड़की फांसी की फंदे पर झूलते नजर आए देखने के लिए अगल-बगल गांव से भी पहुंच चुके हैं लोग क्या महिला क्या पुरुष एक झलक उसको देखने के लिए लगभग हजारों की संख्या पहुंचे इन दोनों की पहचान जीजा सालीका है इस जगह को कैसे जानता था कि यहीं पर वह दोनों ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दिया आखिर यह दोनों ने फांसी लगाकर आत्महत्या किया या किसी ने इसे मार कर टांग दिया है यह जांच का विषय है हालांकि बुंडू पुलिस को जैसे ही सूचना मिलते है वह घटनास्थल पर पहुंचकर हर बिंदुओं पर जांच कर रही है लोग भी पहुंचे हुए हैं यहां देखने के लिए ।

### दंड यात्रा के दौरान करंट लगने से 3 युवकों की मौत, 2 की हालत गंभीर

**ओडिशा।** ओडिशा के ढेंकानाल जिले से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। यहां रविवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। हिंदोल क्षेत्र के बालिमी थाना अंतर्गत पाताला गांव में पारंपरिक दंड यात्रा की तैयारियों के दौरान करंट लगने से तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतकों की पहचान सुधाकर साहू, पिंटू साहू और मिलन महालिक के रूप में हुई है।

सक्ती पावर प्लांट में जोरदार धमाका

# धमाके से 11 की मौत, 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से घायल

सक्ती/ संवाददाता

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया, जब प्लांट के भीतर बॉयलर फटने से जोरदार विस्फोट हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस घटना में 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो, जबकि 11 लोगों की मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि हादसा दोपहर करीब 2 बजे हुआ, जब प्लांट में नियमित कार्य चल रहा था। अचानक हुए विस्फोट से पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारी जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। घटना के तुरंत बाद राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है, जहां उनका इलाज जारी है। कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। हालांकि, प्रशासन की ओर से बयान आना बाकी है। सूचना मिलते ही प्रशासनिक और पुलिस टीम मौके पर पहुंच रही है। साथ ही फायर ब्रिगेड और मेडिकल टीम भी मौके पर पहुंच रही है। हादसे के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर तकनीकी खराबी या सुरक्षा मानकों में लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। अस्पातल से मिली जानकारी के मुताबिक, घायलों को तत्काल रायगढ़ के जिंदल अस्पताल ले जाया गया है। जहां 18 घायलों को भर्ती किया गया था। जिसमें से छह की मौत हो गई और चार की सक्ति में मौत हो गई थी। कुल अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 12 घायल लोगों का इलाज चल रहा है। बता दें कि यहां का वेंटीलेटर फुल हो चुके हैं, इसलिए



अन्य झुलसे लोगों को अन्य अस्पताल ले जाया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, 7 से 10 लोगों के मरने की आशंका थी और 30 से 40 मजदूरों के झुलसने की खबर मिली थी। एक घायल को मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा गया है। मृतक के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजने की तैयारी की जा रही है। मौके पर पुलिस ओर प्रशासन की टीम मौजूद है। मृतकों की संख्या में और इजाफा हो सकता है। सक्ती के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में बॉयलर ब्लास्ट की दुर्घटना पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरी संवेदना व्यक्त की और शोकाकुल परिजनों के साथ अपनी संवेदनाएं जताईं। उन्होंने जिला प्रशासन को राहत-बचाव कार्य तेज करने, घायलों के बेहतर उपचार और घटना की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। सक्ती जिले में सिंघीतराई स्थित 'वेदांता पावर प्लांट' में बॉयलर फटने से हुई भीषण दुर्घटना की सूचना अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में कुछ श्रमिकों के निधन और घायल होने का समाचार अत्यंत व्यथित करने वाला है। मेरी गहरी संवेदनाएँ शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। सिंगहीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में आज बॉयलर यूनिट में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि सब-कॉन्ट्रैक्टर एनजीएसएल के कर्मचारी प्रभावित हुए हैं और घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सहायता तथा पूरा सहयोग दिया जा रहा है।

### सीएम साय ने जताया दुख, बोले-दोषियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई



छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में बॉयलर ब्लास्ट की दुर्घटना पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरी संवेदना व्यक्त की। साथ ही उन्होंने शोकाकुल परिजनों के साथ अपनी संवेदनाएं जताईं। उन्होंने जिला प्रशासन को राहत-बचाव कार्य तेज करने, घायलों के बेहतर उपचार और घटना की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'सक्ती जिले में सिंघीतराई स्थित 'वेदांता पावर प्लांट' में बॉयलर फटने से हुई भीषण दुर्घटना की सूचना अत्यंत दु:खद एवं पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में कुछ श्रमिकों के निधन और घायल होने का समाचार अत्यंत व्यथित करने वाला है।

पाकिस्तान में वार्ता विफल के बाद

## ट्रंप ने पीएम मोदी से फोन पर की बात.....



**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। इस साल दोनों नेताओं के बीच यह तीसरी फोन कॉल थी। इससे पहले मार्च के अंत में पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। दोनों नेताओं ने होर्मुज के बंद होने पर चिंता जताई थी। इस वार्ता के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा था कि मुझे राष्ट्रपति ट्रंप का फोन आया और पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा हुई। भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है। होर्मुज का खुला, सुरक्षित और सुलभ रहना पूरी दुनिया के लिए आवश्यक है। हमने शांति और स्थिरता के प्रयासों के संबंध में संपर्क में रहने पर सहमति जताई। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मुझे मेरे मित्र अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का फोन आया।



आंध्र प्रदेश से एक प्रतिनिधिमंडल, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा और आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश शामिल हैं, ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

योगी सरकार का बड़ा आदेश

## नोएडा में न्यूनतम मजदूरी21 फीसदी बढ़ाने का ऐलान.....



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने गौतमबुद्ध नगर में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच श्रमिकों के लिए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने 1 अप्रैल से कुशल और अकुशल श्रमिकों की मजदूरी में करीब 21त्न तक की अंतरिम बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। खासतौर पर नोएडा और गाजियाबाद के श्रमिकों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा।वहीं, सरकार ने स्पष्ट किया है कि 20,000 रुपये न्यूनतम वेतन की खबर पूरी तरह भ्रामक है। उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार, नए श्रम संहिता के तहत भारत में राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम वेतन तय करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य सभी राज्यों में श्रमिकों के लिए समान और न्यायसंगत वेतन व्यवस्था लागू करना है। इसी बीच नोएडा के फेज-2, सेक्टर 62 और अन्य इलाकों में कुछ मजदूरों द्वारा फैली आशंकाओं और अफवाहों के कारण गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आई थीं।

विधानमंडल की बैठक में लगी मुहर

## बिहार के नए मुख्यमंत्री बने सम्राट चौधरी-15 अप्रैल को लेंगे शपथ..

नई दिल्ली/ एजेंसी



सम्राट चौधरी बने बिहार के नए मुख्यमंत्री, बैठक में लिया गया यह बड़ा फैसला। नीतीश कुमार के इस्तीफे से पहले सीएम सचिवालय में आज सुबह 11 बजे अंतिम कैबिनेट की बैठक हुई। जो करीब 15 मिनट तक चली। बैठक के दौरान नीतीश कुमार ने मंत्रियों के साथ राज्य में नई सरकार के गठन पर गहन चर्चा की। एक मीडिया रिपोर्टे अपने सूत्रों के हवाले से यह दावा कर रही है कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार सुबह 11 बजे लोक भवन में आयोजित होने की संभावना है। इस बार मंत्रिमंडल गठन में संतुलन पर खास ध्यान दिया गया है और कुल 24 मंत्रियों का फॉर्मूला तैयार किया गया है।बताया जा रहा है कि प्रस्तावित सूची के अनुसार मुख्यमंत्री समेत भाजपा के 11 मंत्री शामिल हो सकते हैं, जबकि जदयू को उपमुख्यमंत्री पद के साथ 9 मंत्री मिल सकते हैं। इसके अलावा लोजपा (रामविलास) को 2 मंत्री पद और हमतथा आरएलएम को 1-1 मंत्री पद मिलने की संभावना जताई जा रही है। बिहार में भारतीय जनता पार्टी की जमीन साल 2025 से पहले इतनी मजबूत नहीं थी लेकिन विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन ने सबकों चौंका दिया था। जिसके बाद ऐसा माना जा रहा था कि अब भाजपा अपना ही मुख्यमंत्री बनाएगी लेकिन नीतीश कुमार को सीएम बनाया गया। हालांकि भाजपा को अपना सीएम बनाने में भलें ही थोड़ा समय लगा हो लेकिन आखिरकार सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री की तरफ से चुन लिए गए।

### झूठे दावे सच्चाई को नहीं बदल सकते

**नई दिल्ली।** भारतीय स्थानों को मनगढ़ंत नाम दिए जाने पर विदेश मंत्रालय ने चीन की आलोचना की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारत, चीन द्वारा भारत की भूमि का हिस्सा बनने वाले स्थानों को मनगढ़ंत नाम देने के किसी भी शरारती प्रयास को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। उन्होंने कहा कि चीन द्वारा झूठे दावे करने और निराधार कथाएं गढ़ने के ऐसे प्रयास इस निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदल सकते कि अरुणाचल प्रदेश सहित ये स्थान और क्षेत्र भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा थे, हैं और हमेशा रहेंगे। उन्होंने कहा कि चीन की ये कार्रवाइयां भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के चल रहे।

यही है विकसित भारत का सच

## 12,000 की तनख्वाह में परिवार पालना आज के दौर में असंभव

नई दिल्ली/ एजेंसी



नोएडा में जल रही विरोध की आग अब राजधानी के सियासी गलियारों तक पहुँच गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नोएडा के आंदोलनकारी श्रमिकों के समर्थन में उतरते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल ने मजदूरों के प्रदर्शन को उनकी आखिरी चीख करार देते हुए कहा कि ?12,000 की तनख्वाह में परिवार पालना आज के दौर में असंभव हो गया है। उन्होंने न केवल महंगाई और ईंधन की कीमतों को लेकर केंद्र को घेरा, बल्कि नए 'लेबर कोड' को श्रमिकों के शोषण का हथियार बताया। राहुल गांधी ने कहा कि नोएडा की सड़कों पर जो कुछ हुआ, वह देश के श्रमिकों की आखिरी चीख है, जिसे लंबे समय से अनसुना किया जा रहा था। उन्होंने मजदूरों की कम आय और बढ़ते खर्च का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 12,000 की मासिक तनख्वाह में 4,000-7,000 किराया देना पड़ता है, जबकि मामूली वेतन वृद्धि महंगाई के सामने टिक नहीं पाती। राहुल गांधी ने बढ़ती महंगाई और ईंधन कीमतों को श्रमिकों की मुश्किलों का बड़ा कारण बताया। एक महिला मजदूर का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि गैस के दाम बढ़ते हैं, लेकिन हमारी तनख्वाह नहीं। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि वैश्विक स्तर पर पश्चिम एशिया के तनाव और सप्लाई चेन में रुकावटों के कारण महंगाई बढ़ी है, लेकिन इसका सबसे ज्यादा असर आम मजदूरों पर पड़ा है, न कि बड़े उद्योगपतियों पर। उन्होंने केंद्र सरकार की श्रम नीतियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि नए लेबर कोड लागू करने से काम के घंटे बढ़े हैं।

पंच बद्री,पंच केदार को किया नमन

# विकास की भाग्य रेखाओं को बनाने में जुटा है हमारा देश-मोदी

देहरादून/ एजेंसी

देहरादून में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के ऐसे दौर में प्रवेश कर रहा है, जो पहले अकल्पनीय था। अमृतसर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर समेत कई बड़े प्रोजेक्ट प्रगति के नए द्वार खोल रहे हैं, जिनसे लोगों की उम्मीदें जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से समय की बचत होगी, यात्रा सस्ती होगी और किराया-भाड़ा कम खर्च होगा। साथ ही हजारों श्रमिकों को रोजगार मिला है और इंजीनियरों सहित कई क्षेत्रों को इसका लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के पर्यटन को इससे बड़ा फायदा होगा। देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी और चारधाम यात्रा के लिए यह इंफ्रास्ट्रक्चर अहम साबित होगा। राज्य विंटर टूरिज्म, विंटर स्पोर्ट्स और वेड इन इंडिया के लिए तेजी से उभर रहा है, वहीं शीतकालीन धार्मिक यात्राओं में भी लगातार वृद्धि हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि भविष्य की दशा के लिए अक्सर लोग हाथ की रेखाएं देखते हैं। मैं इस विज्ञान को तो नहीं जानता लेकिन ये भी एक शास्त्र है। इसी संदर्भ को राष्ट्र जीवन से जोड़कर देखूं तो राष्ट्र की भाग्य रेखाएं हमारी सड़कें होती हैं। हाईवे, रेलवे, एक्सप्रेस वे होते हैं। हमारा देश ऐसे ही विकास की भाग्य रेखाओं को बनाने में जुटा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगले कुछ दिनों में चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है। मैं पंच बद्री, पंच केदार, पंच प्रयाग और यहां के आराध्य देवों को प्रणाम करता हूं। संतला माता को भी प्रणाम। इतने बड़े प्रोजेक्ट को पूरा



करने में मां डाट काली का आशीर्वाद मिला। उत्तराखंड 26वें वर्ष में प्रवेश कर चुका। आज से प्रगति में एक और उपलब्धि जुड़ी है। इस शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। बाबा केदार के दर्शन के बाद मेरे मुंह से निकला था। ये प्रोजेक्ट उत्तराखंड को नई गति देगा। इससे गाजियाबाद, बागपत, बड़ौत, शामली, सहारनपुर को भी बहुत फायदा होगा। आज डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती है। मैं श्रधंजलि अर्पित करता हूं। हमारी सरकार ने जो निर्णय लिए वो संविधान को पूरी तरह लागू करने वाले हैं। आर्टिकल 370 हटने के बाद आज पूरे देश मे संविधान लागू है। उत्तराखंड ने संविधान की भावना को आगे बढ़ाकर पूरे देश को राह दिखाई है। हमारी सरकार आज हर गरीब वंचित को सच्चा सामाजिक न्याय देने में जुटी है। इसलिए बाबा साहब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की भरपूर वकालत करते थे। पीएम मोदी ने सभी का आभार जताते हुए कि आज देश में पर्व त्योहार की उमंग है। विभिन्न हिस्सों में नववर्ष का आगमन हुआ है। मैं देशवासियों को वैसाखी, बोहाग की शुभकामनाएं देता हूं। अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं उत्तराखंड आऊं और फौज की बात न हो तो बात अधूरी रहती है। गढ़ी कैंट, शहीद जसवंत सिंह रावत के शौर्य को देश कभी भुला नहीं सकता। वन रैंक वन पेंशन के माध्यम से हमने करीब सवा लाख करोड़ खर्च किये। 70 वर्ष और इससे अधिक के एक्स सर्विसमैन को दवाओं की होम डिलीवरी शुरू की है।

### 21वीं सदी का भारत बना रहा विकास की नई भाग्य रेखाएं

देहरादून में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के ऐसे दौर में प्रवेश कर रहा है, जो पहले अकल्पनीय था। अमृतसर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर समेत कई बड़े प्रोजेक्ट प्रगति के नए द्वार खोल रहे हैं, जिनसे लोगों की उम्मीदें जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से समय की बचत होगी, यात्रा सस्ती होगी और किराया-भाड़ा कम खर्च होगा। साथ ही हजारों श्रमिकों को रोजगार मिला है और इंजीनियरों सहित कई क्षेत्रों को इसका लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के पर्यटन को इससे बड़ा फायदा होगा। देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी और चारधाम यात्रा के लिए यह इंफ्रास्ट्रक्चर अहम साबित होगा। राज्य विंटर टूरिज्म, विंटर स्पोर्ट्स और वेड इन इंडिया के लिए तेजी से उभर रहा है, वहीं शीतकालीन धार्मिक यात्राओं में भी लगातार वृद्धि हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम पंचायत सांकरा में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती





**पाटन।** ग्राम पंचायत सांकरा में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को याद किया। कार्यक्रम में सरपंच रवि सिंगौर, उपसरपंच रामशरण बंधे, सचिव ईश्वर निषाद, दिलेश्वर सिंगौर, कृष्णा सिंगौर, घनश्याम चंद्राकर, पुनीत पटेल, गिरीराज सिन्हा, विकास सिंगौर, संजय डहरिया सहित अन्य ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा, समानता और अधिकारों के लिए जो कार्य किए, वे आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों द्वारा उनके बताए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।

### शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो — बाबा साहेब का यही मंत्र हमें सशक्त और जागरूक समाज की ओर ले जाता है — कीर्ति नायक



**पाटन।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने भीमराव अंबेडकर को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके महान योगदान को स्मरण किया। अपने संदेश में कीर्ति नायक ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, संकल्प और समर्पण की अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने समाज के शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया और अपने ज्ञान व दूरदर्शिता से भारत को एक मजबूत एवं न्यायपूर्ण संविधान प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय में थे। शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का उनका संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं, जहां समानता, न्याय और सम्मान हर व्यक्ति को प्राप्त हो। जनपद अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि सभी लोग बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलें, सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करें और एक सशक्त, समतामूलक एवं जागरूक समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। अंत में उन्होंने पुन: सभी नागरिकों को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए न्याय, समानता और भाईचारे की भावना को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

### 'रामा ईको लग्ज़री फ्लोर्स' लॉन्च

**रायपुर।** रामा ग्रुप ने अपने फ्लैगशिप रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट 'रामा ईको' के तहत एक नए प्रीमियम फेज़ 'रामा ईको लग्ज़री फ्लोर्स' के लॉन्च की घोषणा की है। इस प्रोजेक्ट को RERA अप्रूवल मिल चुका है, जो एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। इसके साथ ही शंकर नगर, रायपुर के प्रमुख रेसिडेंशियल एरिया में 'रामाई कोलग्ज़री फ्लोर्स' अल्ट्रा-लक्ज़री अपार्टमेंट की बुकिंग शुरू हो गई है। नई दिल्ली के जाने-माने आर्किटेक्ट राजीव अग्रवाल (राजीव अग्रवाल आर्किटेक्ट्स) द्वारा डिजाइन किया गया यह प्रोजेक्ट मॉडर्न और रिफाइंड अर्बन होम्स के लिए जाना जाता है। वहीं, लैंडस्केप डिजाइनर, स्अत्रय, योकोहामा, जापान केस्टूडियो द्वारा तैयार किया गया है, जो अपने क्रॉस-डिसिप्लिनरी अप्रोच के लिए पहचाना जाता है। यह प्रोजेक्ट रेसिडेंट्स को एक प्राइवेट और एलीवेटेड लिविंग एक्सपीरियंस देने के उद्देश्य से बनाया गया है।

# महासमुन्द पुलिस की गांजा पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

**महासमुन्द( समय दर्शन )।** जिले भर के सभी थानो को अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा इंड टू इंड एवं फाइनेशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी एवं विधिवत कार्यवाही करने के लिए निर्देशीत किया गया है जिसपर जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेंकिंग कार्यवाही की जा रही है।इसी दरमियान कोमाखान पुलिस को सूचना मिली की एक कत्था रंग की ˏस।।ह्य स्ध्वङ्घह्रष्ठ आईचर ट्रक क्रमांक ष्ट्त्र 04 ह्क्र 6568 में भारी मात्रा पर गांजा परिवहन किया जा रहा है।

जिसकी सुचना पर तत्काल कोमखान पुलिस ने टेमरी नाका के पास नाकाबंदी किया ,जहाँ कुछ समय बाद मुखबिर द्वारा बताये अनुसार नंबर का आयशर ट्रक सामने से आते नजर आया,, जिसे रोका गया और पूछताछ शुरू की गयी ,तो वाहन मे बैठे हुए 3 लोगो ने अपना नाम और

(01)सुमन्त कुमार दुरिया (02)लिंगराज दास

(03)रमेश बाग,भेला थाना कोमना जिला नुबापाड़ा ओडिसा का होना बताया।




पुलिस ने जब ट्रक में लोड सामान के बारे में इनसे पुछताछ की तो दोनों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए गाँजा तस्करी की बात कबूल लि और बताया की गाँजा को उड़ीसा से लेकर रायपुर के रास्ते अन्य राज्यों मे खपाने के लिए लेकर जाया जा रहा था,तब गवाहों के समक्ष वाहन की तलाशी लिया गया तलाशी के दौरान ट्रक के हेल्फर सिट के पीछे 01 प्लास्टिक बोरी में 21.200 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ मिला जिसकी किमत 10 लाख 60 हजार रूपये बतायी गयी है,और दोनों तस्करो के पास से 20 हजार कीमती 2 नग मोबाईल और 1000 रूपये नगद बरामद हुए,साथ ही आरोपियों के कब्जे से 15 लाख किमत आईचर ट्रक को भी जप्त किया गया है।आरोपियों से कुल 25,81,000 रूपये की संपत्ति जप्त किया गया हैज्वही अब अपराध क्रमांक 50/2026 धारा 20(क्र)(1)(ष्ट) एनडीपीएस एक्ट के तहत तस्करो को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

गौरतलब है कि पिछले तीन महीने में 70 प्रकरण में कुल 4706.742 किलो (47 क्विंटल 06 किलो) गांजा जब्त किया गया है और 184 तस्करो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है जिसमे छत्तीसगढ़ राज्य के 50 तस्कर और 134 अन्य राज्यों के तस्कर शामिल है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई



**दंतेवाड़ा** लौहनगरी किरन्दुल संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

एनएमडीसी एससीएसटी कर्मचारी कल्याण समिति की ओर से सुबह 8 बजे बुद्ध विहार से समता रैली का आयोजन किया गया। रैली मुख्य मार्गों से होते हुए अंबेडकर चौक पहुंची, जहां एनएमडीसी के अधिशासी निदेशक रविंद्र नारायण और स्थानीय नागरिकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इसके बाद अंबेडकर पार्क स्थित राजगृह में उनकी विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से डॉ. अंबेडकर की जीवनी, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष रूबी सिंह, एनएमडीसी एससीएसटी कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष बी.एल. तारम, एनएमडीसी अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम बाबासाहेब के विचारों — सामाजिक समानता, शिक्षा और सशक्तिकरण — को आमजन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बना।

## वन्दे मातरम् आदर्श विद्यालय मालखरौदा में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

**जांजगीर मालखरौदा //समय दर्शन //**वन्दे मातरम् आदर्श विद्यालय मालखरौदा में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती जनपद अध्यक्ष श्री कवि वर्मा जी की मुख्य आतिथ्य में बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई, साथ ही आदर्श समर कैंप का शुभारंभ किया गया।

सर्व प्रथम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर विधिवत् पूजा अर्चना किया गया।

मुख्य अतिथि श्री कवि वर्मा जी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रेरणा पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा की महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को आज के दिन का शुभकामनाएं प्रदान किए।




तत्पश्चात विद्यालय में आदर्श समर कैंप का विधिवत् शुभारंभ किया गया।

विद्यालय के आदर्श समर कैंप में कंप्यूटर ट्रेनिंग Software Hardware, spoken English, Olympiad (IMO NSO), Advance Maths, डांस, कुकिंग क्लास, इनडोर गेम्स, स्केटिंग आदि क्लासेस से विद्यार्थियों की चहुंमुखी विकास पर आदर्श समर कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर श्री नन्द कुमार रात्रे जी सचिव, संचालक लालू गबेल, प्राचार्य बी. डी. मेहेर, पालकगण तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## साइबर फ्रॉड में बड़ी सफलता: म्यूल खातों के होलसेल ट्रेडर गिरफ्तार

दंतेवाड़ा पुलिस ने साइबर ठगी के बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। राजस्थान से 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर दंतेवाड़ा लाया गया है। ये आरोपी देश के कई राज्यों में सक्रिय साइबर फ्रॉड गिरोह के सदस्य थे और बैंक खातों (म्यूल अकाउंट्स) की थोक खरीदी-बिक्री करते थे।

आरोपी:

अर्चित गुजराती (20 वर्ष, नागौर, राजस्थान)

आदिल हुसैन (24 वर्ष, नागौर, राजस्थान)

अमित वर्मा (21 वर्ष, जयपुर, राजस्थान)

भूपेंद्र जांगीड (23 वर्ष, जोधपुर, राजस्थान)

पुलिस की उपलब्धि: आरोपियों के पास से 1,18,500 रुपये नगद, मोबाइल, सिम कार्ड और ˏञ्जरू कार्ड बरामद।

बता दे अंतरराष्ट्रीय नंबर्स से व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर सैकड़ों बैंक खातों की खरीदी-बिक्री।




फ्रॉड की रकम विदेशी ˏञ्जरू से निकालने का तरीका अपनाते थे।

छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, क्क गुजरात, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और कर्नाटक समेत 20 से ज्यादा राज्यों में इनके खिलाफ साइबर शिकायतें दर्ज।

यह कार्रवाई साइबर सेल दंतेवाड़ा, थाना बारसूर, बचेली और गीदम की संयुक्त टीम ने की। फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन एनालिसिस और साइबर फॉरेंसिक टूल्स के उपयोग से आरोपियों तक पहुंच बनाई गई।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में यह सफलता हासिल की गई है।

## दंतेवाड़ा में शांति समिति की समीक्षा बैठक आयोजित, कोर कमेटी गठन का प्रस्ताव

**दंतेवाड़ा।** जिले में सामाजिक समरसता, शांति और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से संयुक्त कलेक्ट्रेट स्थित शंखनी सभा कक्ष में शांति समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा की असली ताकत यहां की विविधता, भाईचारा और एकता में है। उन्होंने सभी समाज प्रमुखों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति के प्रहरी बनकर काम करें।

विधायक अटामी ने जिले में एक कोर कमेटी गठन का प्रस्ताव रखा, जिसमें सभी समाजों से दो-दो प्रतिनिधि और विभिन्न राजनीतिक दलों के दो प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह समिति विवादों के समाधान और प्रशासन के साथ समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि शांति बनाए रखना सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं को सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों से दूर रखने की अपील की। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने सुरक्षा का भरोसा देते हुए भ्रामक सूचनाओं पर नजर रखने की बात कही।

बैठक में विभिन्न समाज प्रमुखों ने पलायन रोकने, मुसाफिर पंजी संधारण, भूमि विवादों के त्वरित समाधान, नशामुक्ति और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने जैसे सुझाव दिए। सभी ने जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

बैठक का समापन आपसी एकजुटता और शांति बनाए रखने के संकल्प के साथ हुआ।

# ग्राम खुसरूपाली में बाबा साहब अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई,विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने दी पुष्पांजलि

**डॉ. भीमराव अंबेडकर मात्र नाम नहीं, बल्कि एक जीवंत विचारपुंज हैं: विधायक डॉ. संपत अग्रवाल**

### युवा पीढ़ी बाबा साहेब के संघर्षों को अपना आदर्श बनाए: विधायक डॉ. संपत अग्रवाल

**बसना (समय दर्शन)।** बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खुसरूपाली में भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस भव्य समारोह में क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. अग्रवाल ने बाबा साहेब के चरणों में नमन करते हुए उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी मात्र एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारपुंज हैं। उन्होंने समाज के सबसे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया। उनका पूरा जीवन संघर्ष, त्याग और सेवा की एक अनूठी मिसाल है। आज हम जिस लोकतांत्रिक भारत का स्वरूप देख रहे हैं, उसकी नींव बाबा साहेब के महान विचारों और उनके द्वारा रचित अद्वितीय संविधान पर टिकी है।

विधायक डॉ. अग्रवाल ने आगे कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को ही उन्नति का एकमात्र मार्ग बताया था। उन्होंने 'शिक्षित बनो, संगठित



रहो और संघर्ष करो' का जो मूलमंत्र दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। सरकार भी उन्हीं के पदचिह्नों पर चलते हुए 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के ध्येय वाक्य के साथ समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

आज की युवा पीढ़ी के संदर्भ में अपने विचार साझा करते हुए विधायक जी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को बाबा साहेब के संघर्षों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्हें केवल एक नेता के रूप में नहीं, बल्कि ज्ञान के प्रतीक के रूप में देखना चाहिए। युवाओं को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना होगा।शिक्षा ही वह शस्त्र है जिससे गरीबी और कुरीतियों को मिटाया जा सकता है, इसलिए युवाओं को अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण और बौद्धिक विकास में लगानी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष बसना नरेंद्र यादव,जनपद सदस्य मधु प्रेम खूंटे,सरपंच ग्राम पंचायत कुम्हारी मेघमोती सिदार , विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा,महामंत्री मंडल बसना सरोज पटेल,मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नरेंद्र टुटेजा,मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राकेश भारती, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा मोहरसाय ओगरे,मंडल मंत्री अरुण स्वर्णकार,मंडल मंत्री सुनील प्रधान,मंडल मंत्री गिरजा नंद, उपाध्यक्ष मंडल बसना सरिता जगत,मंडल कोषाध्यक्ष अमृत चौधरी,किसान मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र नायक,महिला मोर्चा मंत्री किरण नायक,महामंत्री युवा मोर्चा नवीन भट्ट,वरिष्ठ नागरिक रामनरेश बघेल, उपाध्यक्ष भाजपा मंडल नरेश चौधरी,निज सचिव नरेंद्र बोरे,ग्राम खुसरूपाली के ग्रामीण एवं अंबेडकर उत्सव समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि का आत्मीय स्वागत किया। समारोह के अंत में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों को अंबेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए समाज में समरसता और भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

भारत विश्व के समृद्ध देशों से भी ज़्यादा सुखी देश :बृजमोहन

# बजट समझना हर नागरिक की जिम्मेदारी: बृजमोहन अग्रवाल




**रायपुर।** भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के तत्वावधान में, 'MY Bharat छत्तीसगढ़' द्वारा आयोजित राष्ट्रीय-स्तरीय 'MY Bharat Budget Quest' का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया अपने संबोधन में, उन्होंने 'विकसित भारत 2047' के स्वप्न को साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया, और प्रतिभागियों को समावेशी विकास तथा सतत विकास की दिशा में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। नवा रायपुर स्थित IIIT में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने ओजस्वी संबोधन से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया।

देश भर के 12 लाख और छत्तीसगढ़ के 30 हजार युवाओं में से चयनित होकर आए 471 प्रतिभागियों को श्री अग्रवाल ने भविष्य का 'आर्थिक दूत' बताते हुए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि आप जैसे शिक्षित बच्चे ही आम आदमी को सरकार की योजनाओं और टैक्स के सदुपयोग के बारे में समझा सकते हैं।

**बजट को समझना हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी-** श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में सवाल किया कि, इसके पहले कभी आप लोगों ने बजट को समझने की कोशिश की थी? सही बताइएगा। बजट क्या होता है, बजट कैसे बनता है, बजट खर्च कैसे होता है, बजट में पैसे कहाँ से आते हैं—यह कभी इस देश का नागरिक और पढ़ा-लिखा नौजवान भी कभी समझने की कोशिश नहीं करता है। हमें तो लगता है कि हमारे जेब में ?100 हैं, उस ?100 में से क्या चीज़ आएगी, हम उसको खरीद लेते हैं। इतना पैसा बचेगा, उसका क्या उपयोग करेंगे, इसके बारे में हम सोचते हैं। परन्तु जब कोई भारत की सरकार या राज्य की सरकार बजट बनाती है, तो उसके सामने बहुत सारे पहलू (aspects) होते हैं।

**आर्थिक समझ और युवाओं की भूमिका-** नौजवान जो है, वह सिर्फ अपनी परीक्षा को पास करने में या प्रतियोगी परीक्षाओं (competitive e&ams) को पास करने में, या फिर अपनी मौज-मस्ती के लिए पैसों की व्यवस्था करने को समझता है। और जब उसे कहीं पर ऐसी समस्या आती है—सड़क खराब मिलती है, बिजली नहीं मिलती है, कहीं सरकार काम नहीं कर रही होती है—तो वह सरकार को गाली देने लगता है।

परन्तु सरकार ऐसा क्यों कर रही है, किस कारण से हो रहा है? युवाओं को देश की समस्याओं, उपलब्धियों और बजट के बारे में जानना चाहिए। आज भारत की जनसंख्या 140 करोड़ है। इतने बड़े देश को चलाने के लिए बजट को मैनेज करना एक बड़ी चुनौती है।

आज भारत विश्व के समृद्ध देशों से भी ज़्यादा सुखी देश है। हमारी अर्थव्यवस्था स्थिर (stable) है। इसका एक बड़ा कारण हमारे बुजुर्गों की बचत करने की आदत है। जहाँ आज का नौजवान ?100 आने पर ?120 खर्च कर देता है, वहीं हमारी माताएं, बहनें और दादियाँ उस पैसे में से कुछ बचाकर रखती थीं, जो मुश्किल समय में काम आता था।

**विकास और अधोसंरचना-** आज देश में तेज़ी से विकास हो रहा है: फ्लाईओवर और एक्सप्रेस-वे का निर्माण। वंदे भारत ट्रेनों का संचालन। बुलेट ट्रेन का सपना, जो अगले एक साल में हकीकत बनने वाला है। यह सब पैसा कहाँ से आता है? सरकार हमसे टैक्स लेती है ताकि हमें अच्छी सड़कें, एयरपोर्ट, और रेल कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएँ दे सके। यह बात आम आदमी को कौन समझाएगा? आप जैसे पढ़े-लिखे बच्चे ही समझाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ई रिक्शा चालकों पर पुलिस की अभियान कार्यवाही




**रायपुर।** 2 घंटे के अंदर 78 ई रिक्शा चालकों पर की गई कार्यवाही मौके पर पूर्व के पेंडिंग ई-चालान का भी कराया गया भुगतान शहर में ई रिक्शा चालकों के द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर जाम की स्थिति निर्मित होने के लगातार शिकायत पर पुलिस उपायुक्त यातायात एवं प्रोटोकॉल के दिशा निर्देश पर यातायात पुलिस के द्वारा दिनांक 12 अप्रैल 2026 को दोपहर 2:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे के मध्य अभियान चलाया गया जिसमें 78 ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के विभिन्न धाराओं जैसे बिना लाइसेंस, नो पार्किंग, रॉन्ग साइड आदि पर कार्यवाही की गई। साथ ही ऐसे ई रिक्शा चालकों का जिनका पूर्व का ई-चालान पेंडिंग है, उनको मौके पर ही पेंडिंग ई-चालान का भुगतान कराया गया।शहर में यातायात को व्यवस्थित करने के लिए नियमों का उल्लंघन करने वाले आटो/ई रिक्शा के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी ।

**अपील:-** रायपुर पुलिस आटो/ई रिक्शा चालकों से अपील करती है कि सभी चालक जरूरी कागजात अपडेट रखें, नो पार्किंग में वाहन खड़ी ना करें, चौक पर या लेफ्ट टर्न पर वाहन खड़ी कर यातायात बाधित ना करें । नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### बस्तर में 'रेड कॉल सेंटर' के जरिए हर प्रसव होगा सुरक्षित




**रायपुर।** बस्तर जिले में सुरक्षित मातृत्व की अवधारणा को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन और यूनिसेफ़ ने एक अत्यंत संवेदनशील और अनूठी पहल की शुरुआत की है। सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में महारानी अस्पताल में 'रेड (रिचिंग एवरी डिलिवरी) कॉल सेंटर' का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस गौरवपूर्ण क्षण को और भी विशेष बनाते हुए कलेक्टर ने स्वयं पहल की और अस्पताल में उपस्थित एक नवजात शिशु की माता को सादर आमंत्रित कर उनके हाथों से ही इस केंद्र का उद्घाटन करवाया। यह हृदयस्पर्शी दृश्य इस सशक्त संदेश का प्रतीक बना कि मातृ स्वास्थ्य से जुड़ी समस्त सरकारी योजनाएं वास्तव में माताओं के समर्पण के लिए हैं और उनकी सक्रिय सहभागिता ही इन प्रयासों को सफल बनाएगी। इस नई व्यवस्था के तहत संचालित ÷हरिक मांय, हरिक पिला (खुश मां, खुश बच्चा) पहल के माध्यम से अब बस्तर की हर गर्भवती महिला तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है, जैसा कि इसके नाम 'रेड' यानी 'रिचिंग एवरी डिलिवरी' से स्पष्ट होता है। महारानी अस्पताल परिसर में स्थित इस हाई-टेक कॉल सेंटर के जरिए जिले की उन महिलाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिनकी गर्भावस्था 7 से 9 माह के बीच है और जो उच्च जोखिम की श्रेणी में आती हैं। सेंटर के प्रतिनिधि सप्ताह में एक से दो बार इन महिलाओं से सीधे फोन पर संपर्क साधेंगे, जिसका उद्देश्य उन्हें सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव के फायदों के प्रति जागरूक करना और उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ समन्वय स्थापित करने में हरसंभव सहायता प्रदान करना है।

### गर्मियों में चलेंगी स्पेशल ट्रेन

**रायपुर।** गर्मियों में यात्रियों की बढ़ती संख्या हो देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने गृष्मकालीन ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसके अलावा लंबी दूरी वाली गाड़ियों में आरक्षित डिब्बों की संख्या बढ़ाई जा रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 01441/ 01442 पुणे- संतरागाछी -पुणे समर स्पेशल दिनांक 17 अप्रैल से 27 अप्रैल 2026 तक 02-02 फेरों के लिए चलाई जा रही है। गाड़ी संख्या 01441 पुणे सांतरागाछी समर स्पेशल दिनांक 17 और 25 अप्रैल को 10:00 बजे पुणे से रवाना होकर मध्यवर्ती स्टेशनों पर होते हुए अगले दिन 02.05 बजे नागपुर, 04.08 बजे गोंदिया, 6:10 बजे दुर्ग, 6:50 बजे नागपुर, 8:45 बजे बिलासपुर, 12:40 बजे झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर खड़कपुर होते हुए 21:00 सांतरागाछी पहुंचेगी।

# जिला अस्पताल कबीरधाम बना भरोसे का केंद्र, स्वास्थ्य सुविधाओं में ऐतिहासिक सुधार




**रायपुर।** कबीरधाम जिले का जिला अस्पताल अब केवल एक सरकारी स्वास्थ्य केंद्र नहीं, बल्कि आम जनता के विश्वास और बेहतर चिकित्सा सेवाओं का मजबूत प्रतीक बन चुका है। बीते कुछ वर्षों में यहां स्वास्थ्य सुविधाओं में जो उल्लेखनीय सुधार हुआ है, उसने न केवल जिले के लोगों का भरोसा बढ़ाया है, बल्कि निजी अस्पतालों के सामने भी एक सशक्त विकल्प के रूप में इसे स्थापित किया है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के सतत प्रयास, उनके मार्गदर्शन और सक्रिय पहल से अस्पताल में संसाधनों का विस्तार, नई मशीनों की उपलब्धता और व्यवस्थाओं में सुधार संभव हो पाया है। वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2025 तक लगभग हर प्रमुख स्वास्थ्य सेवा में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो अस्पताल की कार्यप्रणाली, संसाधनों और सेवाओं की गुणवत्ता में आए सकारात्मक बदलाव को दर्शाती है।

**ओपीडी और आईपीडी में रिकॉर्ड वृद्धि-** जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक ओपीडी में मरीजों की संख्या 1,19,557 रही, वहीं जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 के बीच यह संख्या बढ़कर 1,64,712 तक पहुंच गई। यह लगभग 45 हजार से अधिक की वृद्धि है, जो इस बात का संकेत है कि लोग अब जिला अस्पताल की सेवाओं पर अधिक भरोसा जता रहे हैं।

इसी तरह आईपीडी के आंकड़ों में भी वृद्धि देखने को मिली है। वर्ष 2023 में जहां 11,742 मरीज भर्ती हुए थे, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 13,253 हो गई। यह दर्शाता है कि गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए भी लोग अब निजी अस्पतालों की बजाय जिला अस्पताल को प्राथमिकता दे रहे हैं।

**प्रसव सेवाओं में भी आया सुधार-** महिला एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में भी जिला अस्पताल ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2023 में जहां 3,001 प्रसव हुए थे, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 3,925 हो गई। इससे प्रतीत होता है कि इसमें वृद्धि से अस्पताल में मातृत्व सेवाएं अधिक सुरक्षित, भरोसेमंद और सुविधाजनक बनी हैं।

**सोनोग्राफी सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव-** जिला अस्पताल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक सोनोग्राफी सेवाओं में हुआ सुधार है। वर्ष 2023 में जहां केवल 874 सोनोग्राफी हुई थीं, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 7,244 तक पहुंच गई। यह लगभग आठ गुना वृद्धि है, जो न केवल उपकरणों की उपलब्धता बल्कि विशेषज्ञ डॉक्टरों और तकनीशियनों की बेहतर व्यवस्था को भी दर्शाती है।

# 50 से अधिक छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के उद्देश्य से थाना राखी का भ्रमण कराया गया



**रायपुर।** दिनांक 13.04.2016 को थाना राखी क्षेत्रांतर्गत नया रायपुर स्थित क्रिस्टल हाउस स्कूल के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के उद्देश्य से थाना राखी का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का थाना परिसर में आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली से अवगत कराने हेतु विशेष रूप से मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा छात्रों को थाना के विभिन्न विभागों जैसे मालखाना, रिकॉर्ड कक्ष, नियंत्रण कक्ष एवं लॉकअप आदि का अवलोकन कराया गया। विद्यार्थियों को एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, अपराधों की जांच प्रणाली, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका तथा आम जनता के साथ पुलिस के समन्वय के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त, छात्रों को साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा तथा आपातकालीन सेवाओं के संबंध में भी जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को कानून का पालन करने, सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्रों ने उत्सुकतापूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों द्वारा सरल एवं प्रभावी तरीके से उत्तर दिया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के मन में पुलिस के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना तथा उन्हें कानून एवं व्यवस्था के महत्व से परिचित कराना था। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होता है और वे समाज में पुलिस की भूमिका को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं। अंत में, विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों ने थाना राखी पुलिस के इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

# बिहान कैंटीन' के व्यंजनों से महका जगदलपुर जनपद परिसर



**रायपुर।** बस्तर जिले के जनपद पंचायत जगदलपुर में इन दिनों 'बिहान कैंटीन' महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की एक नई इबारत लिख रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत स्थापित इस कैंटीन की कमान ग्राम पंडरीपानी-1 के श्री साईं महिला स्व सहायता समूह की पांच महिलाओं ने संभाल रखी है। श्रीमती सुमिता पटनायक (अध्यक्ष) और रीता पंडा (सचिव) के कुशल नेतृत्व में यह कैंटीन केवल दो माह के भीतर ही क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने में सफल रही है। जनपद परिसर में स्थित इस कैंटीन का औपचारिक शुभारंभ 25 फरवरी 2026 को जनपद पंचायत जगदलपुर के अध्यक्ष श्री पदलाम नाग के कर-कमलों द्वारा किया गया था। स्वाद और गुणवत्ता के अनूठे संगम के कारण यह स्थान आज न केवल आम जनता, बल्कि सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की भी पहली पसंद बन गया है। यहाँ स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों के साथ-साथ दक्षिण भारतीय व्यंजनों की विस्तृत श्रृंखला किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही है। कैंटीन की बढ़ती मांग का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब जनपद और जिला कार्यालयों में होने वाली महत्वपूर्ण बैठकों के लिए भी चाय, नाश्ता और भोजन की व्यवस्था इसी समूह के माध्यम से की जा रही है। आर्थिक दृष्टिकोण से भी यह उपक्रम महिलाओं के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हो रहा है। कैंटीन के शुरुआती सफर में ही फरवरी माह में 6,200 रुपये की आय हुई थी, जो मार्च माह में बढ़कर 18,320 रुपये तक पहुंच गई। अप्रैल माह के शुरुआती 10 दिनों में ही समूह ने 11,400 रुपये की आय अर्जित कर ली है, जिससे अब तक की कुल आय 35,920 रुपये हो चुकी है। यह सफलता महिलाओं को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य महिलाओं के लिए उद्यमिता की एक नई प्रेरणा भी पेश कर रही है।

आमजन से अपील, केवल अधिकृत मेडिकल स्टोर्स से ही करें दवाओं की खरीदी

# नकली दवाओं के अवैध व्यापार पर खाद्य एवं औषधि विभाग की कार्यवाही



**रायपुर।** एवं औषधि प्रशासन द्वारा राज्य में नकली दवाओं के अवैध व्यापार के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कुछ माह पूर्व नागपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट, गोगाँव से नकली दवाओं की जप्ती के प्रकरण में एक बड़ी कार्यवाही की गई थी। जांच के दौरान इस संगठित सप्लाई चेन में संलिप्त आरोपियों—रोचक अग्रवाल (बिजरासन मेडिकोज, इंदौर), सुरेंद्र कामनानी (प्रेम प्रकाश एजेंसी, भाटापारा) एवं खेमराज बानी (सरस्वती मेडिकल स्टोर, सारंगढ़) की भूमिका सामने आई, जिन्हें रायपुर में कल सोमवार को गिरफ्तार किया गया। उक्त प्रकरण की कड़ी में सरस्वती मेडिकल स्टोर, सारंगढ़ में दिनांक दिसंबर माह में विभाग द्वारा विस्तृत जांच एवं जब्ती की कार्यवाही की गई थी । निरीक्षण के दौरान संदिग्ध एवं नकली औषधियों के भंडारण एवं वितरण से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त हुए थे, जिन्हें विधिवत जप्त कर जांच में सम्मिलित किया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तथा इस अवैध व्यापार के अन्य राज्यों से जुड़े होने की संभावना के आधार पर विभागीय टीम द्वारा अंतरराज्यीय जांच एवं विवेचना भी की गई। जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर संबंधित आरोपियों एवं नेटवर्क की भूमिका का विस्तृत परीक्षण किया जा रहा है।

वर्तमान में प्रकरण में नियमानुसार अभियोजन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। विभाग द्वारा प्रकरण से जुड़े अन्य व्यक्तियों एवं संस्थानों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बाबा साहेब के विचारों पर चलकर ही बनेगा बेहतर समाज: स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल




**रायपुर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में आज संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहे। उन्होंने चिकित्सालय परिसर में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके संदेशों को याद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश की सबसे बड़ी ताकत उसकी समानता की भावना है, जहां किसी की पहचान उसकी जाति या समुदाय से नहीं, बल्कि उसके व्यक्तित्व और कर्म से होती है। उन्होंने कहा कि इस सोच को मजबूत करने में बाबा साहब का अतुलनीय योगदान रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि आज़ादी से पहले दलित, शोषित, पीड़ित और वंचित समाज के अंतिम व्यक्ति की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता था लेकिन बाबा साहब ने उनके अधिकारों, सम्मान और न्याय के लिए संघर्ष कर उन्हें मुख्यधारा में स्थान दिलाया। इस संदर्भ में उन्होंने गुरु घासीदास बाबा के मनखे-मनखे एक समान के संदेश को भी याद करते हुए सामाजिक समरसता की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस अवसर पर चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें नृत्य, गीत एवं नाट्य मंचन के माध्यम से बाबा साहेब के जीवन और उनके योगदान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के अधिकारी, चिकित्सक, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## भेदभाव की गुंजाइश

जिन धर्मों में वर्ण व्यवस्था का प्रावधान नहीं है, उन्हें अपनाने के बाद यह अपेक्षा स्वाभाविक रूप से रहती है कि संबंधित व्यक्ति जातिगत पहचान से मुक्त हो जाए और इस आधार पर उससे भेदभाव की गुंजाइश ना रहे। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के उस निर्णय पर मुहर लगा दी है कि हिंदू, बौद्ध और सिख धर्म छोड़कर अलावा किसी अन्य महजब को अपना चुका व्यक्ति स्वत: अनुसूचित जाति की श्रेणी से बाहर हो जाता है। आंध्र हाई कोर्ट ने यह फैसला संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश- 1950 के तहत दिया था। मामला अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति के धर्म बदल कर ईसाई बनने से संबंधित है। हिंदू धर्म के अंदर अनुसूचित जातियों को मिले लाभ एवं संरक्षणों पर धर्मांतरण के बाद भी उस व्यक्ति ने दावा जताया था। मगर भारतीय संविधान के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। संविधान निर्माताओं ने अनुसूचित जातियों के लिए विशेष प्रावधान हिंदू धर्म के अंदर वर्ण व्यवस्था के तहत बरते गए ऐतिहासिक भेदभाव से उन्हें बचाने के लिए किया था। अनुसूचित जाति/ जनजाति अधिनियम भी उसी भावना के अनुरूप है। इस कानून के जरिए जातिगत आधार पर होने वाले भेदभाव या अपमान से दलित जातियों को संरक्षण देने का प्रयास किया गया है। जिन धर्मों में वर्ण व्यवस्था का प्रावधान नहीं है, उनमें शामिल होने के बाद यह अपेक्षा स्वाभाविक रहती है कि संबंधित व्यक्ति जातिगत पहचान से मुक्त हो जाए और इस आधार पर उससे भेदभाव की गुंजाइश ना रहे। उस स्थिति में उसे उन वैधानिक लाभ, संरक्षण, एवं आरक्षण की जरूरत नहीं रहेगी, जो हिंदू धर्म में रहते हुए गरिमामय जीवन के लिए जरूरी था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस व्याख्या की पुष्टि करते हुए न्यायोचित निर्णय दिया है। हाई कोर्ट के निर्णय के खिलाफ दायर याचिका में दलील दी गई कि मजहब बदलने के बाद भी अनुसूचित जाति के लोग जातिगत बहिष्करण या भेदभाव से मुक्त नहीं होते। इसलिए उन्हें उन जातियों के लिए तय सारे लाभ मिलने चाहिए। बहरहाल, अगर यह सच है, तो फिर भेदभाव के कारणों की पड़ताल अधिक गहन रूप से की जानी चाहिए। उनसे मुक्ति के क्या उपाय हैं, इस पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए। हर समस्या को जातिगत विमर्श में समेटना अनुचित है। जिन धर्मों का विकासक्रम एक खास परिप्रेक्ष्य में हुआ, उनसे जुड़े प्रावधानों को अन्य धर्मों तक फैलाने की मांग अतार्किक है।

## वार्ता नाकाम, जंग जारी रहेगी

अमरीका-ईरान की शांति-वार्ता नाकाम और बेनतीजा रही। यही इसकी नियति थी। हालांकि बेहद महत्वपूर्ण कूटनीतिक प्रयास किया गया था कि दोनों दुश्मन देशों के प्रतिनिधि आमने-सामने बैठे, तीन चरण की बातचीत 21 घंटे चली, लेकिन जिद और अमरीका की 'लठैतबाजी' के कारण वार्ता विफल रही। सितंबर, 2013 के बाद यह दूसरा मौका था, जब अमरीका और ईरान के प्रतिनिधि आमने-सामने बैठे और संवाद किया। तब अमरीका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने ईरान के राष्ट्रपति हसन रुहानी को आमंत्रित किया था। तब भी बुनियादी मुद्दा परमाणु कार्यक्रम का था। तत्कालीन अमरीकी विदेश मंत्री जॉन कैरी और ईरानी समकक्ष मुहम्मद जावेद जरीफके दरमियान बातचीत हुई थी, नतीजतन 2015 में 'परमाणु करार' हुआ था। बेशक बाद में उसे रद्द कर दिया गया। इस बार अमरीका यह चाहता था कि ईरान का करीब 450 किग्रा. सवंर्धित यूरेनियम नष्ट किया जाए अथवा अमरीका को अपने देश ले जाने दिया जाए। इस पर समझौता कैसे संभव था? ईरान ने परमाणु कार्यक्रम छोडने से ही साफइंकार कर दिया। हालांकि परमाणु बम बनाने की रणनीति अभी स्पष्ट नहीं है। अलबत्ता रूस का दावा है कि ईरान परमाणु हथियार बना चुका है। यह बेहद खौफनाक और विध्वंसकारी खबर है, लेकिन हमें ईरान और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की घोषणा का इंतजार करना चाहिए। अमरीकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने परमाणु मुद्दे पर ईरान के अड़े रहने पर ही शांति-वार्ता की नाकामी की घोषणा की और प्रतिनिधिमंडल समेत सुबह 7.35 बजे ही वॉशिंगटन लौट गए। ईरान पक्ष का दावा है कि 2-3 मुद्दों पर सहमति बन चुकी थी। अमरीका को बातचीत से निकलने और दोबारा युद्ध छेडने का बहाना चाहिए था, लिहाजा उसने वार्ता को विफल करार दे दिया। ईरान ने यह भी स्पष्ट किया कि निकट भविष्य में फिर वार्ता शुरू करने की कोई योजना नहीं है। अब गेंद अमरीका के पाले में है। ईरान ने यह भी कहा कि होर्मुज पर पेंच फंसा रहा। वहां अब भी ईरान का नियंत्रण रहेगा और अमरीका-इजरायल के जहाज वहां से गुजर नहीं पाएंगे। ईरान की फ्रीज संपत्तियों और पाबंदियों पर अमरीका ने कोई बातचीत ही नहीं की। गौरतलब है कि अमरीका ने ईरान पर 711 पाबंदियां थोप रखी हैं और ईरान की 11 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियां अमरीका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ ने जब्त कर रखी हैं। एक बयान यह भी है कि ईरान 93 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियों को जारी करने की मांग कर रहा है। उसकी अरबों की संपत्तियां जापान और चीन की जब्ती में भी हैं। दरअसल गंभीर और मौजू सवाल यह है कि क्या अमरीका ईरान पर नए सिरे से युद्ध थोपेगा? राष्ट्रपति ट्रंप जानते हैं कि अमरीका में ही उनकी लोकप्रियता काफी नीचे आ गई है। सीनेट और कांग्रेस (संसद) के 67 सांसदों ने मांग की है कि राष्ट्रपति ट्रंप को पद से हटाया जाए। यह मांग महाभियोग में तबदील हो सकती है। अमरीका में ही पेट्रोल आदि के दाम 35 फीसदी बढ़ गए हैं, जो अभूतपूर्व हैं। क्या राष्ट्रपति ट्रंप के पास युद्ध का ही विकल्प शेष है? होर्मुज अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग है। उसके बंद रहने से 1.5 करोड़ बैरल तेल हररोज आवाजाही नहीं कर पाता है। करीब 9 करोड़ टन सालाना कतर और संयुक्त अरब अमीरात की एलएनजी का निर्यात इसी रास्ते से होता था, वह भी प्रभावित है। युद्ध के कारण इन देशों ने उत्पादन ही लगभग बंद कर दिया है, क्योंकि ईरान के मिसाइल-ड्रोन हमलों में एलएनजी के संयंत्रों की भारी तबाही हुई है। भारत के भी 14-15 जहाज, टैंकर अभी होर्मुज पर फंसे हैं। भारत में गैस का ऐसा संकट है कि लोग फिर से कोयले की अंगीठी या मिट्टी के तेल के स्टोव पर आ रहे हैं। बाजार में उनके दाम भी कई गुना कर दिए गए हैं। होर्मुज बंद रहेगा, तो भारत कब तक ऊर्जा-संकट, गैस-संकट और खाद्य-संकट को टाल सकता है? क्या अमरीका को यूरेनियम ही दिखाई देता है? युद्ध के कारण जो 30 लाख ईरानी विस्थापित हो गए, करीब 1 लाख रिहायशी घर ध्वस्त हो गए, ईरान कब्रिस्तान-सा बन गया, करीब 140-145 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है, क्या ट्रंप को उनकी चिंता नहीं है?

# भाजपा के लिए परीक्षा वाला चुनाव

अजीत द्विवेदी

चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के चुनाव वैसे तो दोनों सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टियों के साथ साथ मजबूत प्रादेशिक क्षत्रपों और वामपंथी पार्टियों के लिए परीक्षा वाले हैं। लेकिन ये चुनाव खासतौर से भाजपा के लिए परीक्षा वाले इसलिए हैं क्योंकि इनके नतीजों से पता चलेगा कि भाजपा गैर कांग्रेस दलों और प्रादेशिक क्षत्रपों के मुकाबले अपनी चिरंतन कमजोरी से उबर पाई है या नहीं। यह भी पता चलेगा कि क्षेत्रीय और भाषायी अस्मिता वाले राज्यों में भाजपा की अखिल भारतीय राजनीति के दांव पेंच, व्यापक हिंदू ध्रुवीकरण और राष्ट्रवाद की राजनीति कारगर होती है या नहीं। ध्यान रहे इस बार जिन चार राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु व केरल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में, चुनाव हो रहा है, वहां हिंदुत्व बिल्कुल उस रूप में न तो प्रचलित है और न स्वीकार्य है, जिस रूप में भाजपा उसका उत्तर व पश्चिमी भारत में राजनीतिक इस्तेमाल करती है। साथ ही इन राज्यों में राष्ट्रवाद की भावना के साथ साथ उप राष्ट्रीयता की एक बेहद मजबूत अंतरधारा भी हमेशा मौजूद रहती है। इसलिए इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का चुनाव भाजपा के लिए परीक्षा वाला है। तमिलनाडु को छोड़ दें तो बाकी तीनों बड़े राज्यों में भाजपा अकेले लड़ रही है या गठबंधन की केंद्रीय पार्टी है। सबसे बड़े और सबसे ज्यादा विधानसभा वाले राज्य पश्चिम बंगाल में भाजपा अकेले लड़ रही है। असम में जरूर असम गण परिषद, बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट और यूपीपीएल के साथ भाजपा का तालमेल है लेकिन गठबंधन का नेतृत्व भाजपा कर रही है। 126 सदस्यों की विधानसभा में इस बार वह अकेले बहुमत हासिल करना चाहती है। इससे पहले दो चुनावों से वह बहुमत के आंकड़े यानी 64 सीट से थोड़ा नीचे रूक गई थी। उधर केरल में भी भाजपा ने साबू जैकब की ट्वेंटी20 पार्टी से तालमेल किया है। यह एक ईसाई पहचान वाली पार्टी है। वहां भी भाजपा केंद्रीय ताकत है। तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी अपना मजबूत आधार नहीं बना पा रही है और उसे अन्ना डीएमके के पीछे चलना पड़ रहा है, जिसने लोकसभा चुनाव में भाजपा को छोड़ दिया था। हालांकि बाद में भाजपा फिर उसके साथ जुड़ी। इन राज्यों के चुनाव भाजपा के लिहाज से इसलिए भी बहुत अहम हैं क्योंकि इनसे दक्षिण भारत में भाजपा के विस्तार की संभावनाओं का भी पता चलेगा। धीरे धीरे ही सही लेकिन भाजपा ने कर्नाटक के बाद तेलंगाना में अपना मजबूत आधार बना लिया है। केरल में पिछले चुनाव में उसका वोट प्रतिशत दहाई में पहुंच गया। उसके गठबंधन को 12 फीसदी से ज्यादा वोट मिले, जो लोकसभा चुनाव में और बढ़ा।




बहरहाल, अगले महीने होने वाले चुनावों में भाजपा के लिए सबसे अहम पश्चिम बंगाल का चुनाव है। भारत की राजनीति में एकाध ही प्रादेशिक क्षत्रप हैं, जिनसे भाजपा सीधी लड़ाई लड़ती है और हरा नहीं पाती है। ममता बनर्जी को नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भाजपा आज तक नहीं हरा पाई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में जब भाजपा बंगाल में सबसे मजबूत होकर उभरी तब भी ममता बनर्जी की पार्टी को उससे ज्यादा सीटें मिलीं। उसके बाद के चुनाव में तो ममता ने चैलेंज देकर भाजपा को सौ सीट के नीचे रोका। भाजपा को 2021 के चुनाव में 77 सीटें मिलीं। इसकी एक व्याख्या तो यह है कि भाजपा 2016 की तीन सीटों से बढ़ कर 77 पहुंची और दूसरी व्याख्या यह है कि भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव में सौ से ज्यादा सीटों पर मिली बढ़त से घट कर 77 पर रह गई। जो हो, इस बार नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व वाली भाजपा विधानसभा चुनाव में तीसरी बार ममता बनर्जी के मुकाबले सीधी लड़ाई में उतरेगी। ध्यान रहे तीसरी सीधी लड़ाई में भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को भी हरा दिया था। दिल्ली में 2013 के चुनाव में भाजपा 32 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी थी। वह 2015 और 2020 में आम आदमी पार्टी से हारी लेकिन 2025 में उसने उसे हरा दिया। ऐसे ही पश्चिम बंगाल में 2016 और 2021 के बाद अब तीसरी लड़ाई है। इस बार हर दांव आजमाए जा रहे हैं। पिछले 10 साल में भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस के हर दांव पेंच को समझा है। उसकी ताकत और चुनाव लड़ने के तरीके को ऑब्जर्व किया है और उस हिसाब से रणनीति बनी है। इसमें चुनाव आयोग भी अहम भूमिका निभा रहा है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के जरिए 63 लाख नाम काटे जा चुके हैं। 60 लाख नाम विचाराधीन श्रेणी में रखे गए हैं, जिनमें से 25 से 30 लाख नाम और कट सकते हैं।

इनमें से ज्यादातर नाम मुस्लिम बहुल मालदा, मुर्शिदाबाद, नदिया और उत्तरी दिनाजपुर जिले के हैं। भाजपा का दावा है कि इनमें से बड़ी संख्या में ऐसे घोस्ट मतदाता थे, जिनकी सरकारी तंत्र से बोगस वोटिंग करा कर ममता बनर्जी जीतती हैं। इस बार के चुनाव में इस दावे की भी परीक्षा हो जाएगी। चुनाव आयोग इस बार बुर्के वाली महिलाओं की मतदान केंद्र से बाहर भी जांच करने की तैयारी कर रहा है। केंद्रीय बलों की तैनाती चुनाव की घोषणा से पहले ही कर दी गई है। पूर्व आईपीएस अधिकारी आरएन रवि को चुनाव से ऐन पहले बंगाल का राज्यपाल बनाया गया। वे तमिलनाडु में डीएमके से टकराव की वजह से मशहूर हुए थे। इसी तरह चुनाव से पहले केंद्रीय एजेंसी ईडी ने ममता बनर्जी का चुनाव प्रबंधन कर रही कंपनी आईपैक के ऊपर छापा मारा। आचार संहिता लगते ही चुनाव आयोग ने ममता की बनाई नंदिनी चक्रवर्ती को मुख्य सचिव के पद से हटा दिया। भाजपा पश्चिम बंगाल के चुनाव को एक राजनीतिक मुकाबले से ज्यादा सभ्यतागत संघर्ष के रूप में लड़ रही है। यह बात पार्टी के प्रवक्ता चैनलों में कह रहे हैं। भारत जैसे विविधता वाले देश में किसी राज्य में अगर भाजपा चुनावी मुकाबले को सभ्यतागत संघर्ष बता रही है तो उसकी बेचैनी को समझा जा सकता है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव की घोषणा से एक दिन पहले कोलकाता के परेड ग्राउंड मैदान में अपने भाषण में यह भय दिखाया कि हिंदू अल्पसंख्यक हो जाएंगे। असल में भारत की जो सभ्यता है वह कई संस्कृतियों का समुच्य है। भारत विरूद्धों में सामंजस्य साधने की सहस्त्राब्दियों पुरानी व्यवस्था का नाम है। भाजपा सांस्कृतिक भिन्नता को सभ्यतागत संघर्ष बता रही है। यह काम तमिलनाडु में भी किया जा रहा है। सो, राजनीतिक प्रबंधन, चुनाव आयोग की भूमिका, भाजपा की सर्वशक्तिमान सत्ता की ताकत और चुनाव को सभ्यतागत संघर्ष बनाने का नैरेटिव बंगाल में कितना कामयाब होता है इस पर सबकी नजर होगी। अगर भाजपा इतना सब करने के बाद भी नहीं जीतती है तो उसे गंभीरतापूर्वक अपनी इस राजनीति पर विचार करना होगा।

असम में भाजपा के लिए लड़ाई अपेक्षाकृत आसान इसलिए लगती है क्योंकि वहां परिसीमन के बाद 105 के करीब सीटें ऐसी हो गईं, जिन पर मुस्लिम मतदाताओं का असर बिल्कुल खत्म हो गया है। भाजपा इन्हीं सीटों पर पूरा दम लगा कर लड़ती है। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और घुसपैठ के नाम पर राष्ट्रीय सुरक्षा का नैरेटिव भाजपा को सपोर्ट करता है। कुछ भाजपा के प्रयासों और कुछ अपने कारणों से कांग्रेस असम में कमजोर हुई है। उसके कई नेता पार्टी छोड़ कर गए हैं। फिर भी गौरव गोगोई पूरी ताकत से लड़ रहे हैं।

केरल में भाजपा का मुख्य प्रयास अपना वोट आधार बढ़ाने और ऐसी राजनीतिक बिसात बिछाने का है, जिसमें कांग्रेस फिर नहीं जीत पाए। भाजपा को पता है कि किसी भी नए राज्य में कांग्रेस की जीत उसे राष्ट्रीय स्तर पर संजीवनी देगी। लेकिन अगर वाम मोर्चा केरल में जीत जाता है तो उससे राष्ट्रीय राजनीति पर रत्ती भर असर नहीं पड़ेगा। तभी केरल का चुनाव भाजपा के नजरिए से देखने की जरुरत नहीं है। वहां के चुनाव नतीजे में दिलचस्पी का तत्व सिर्फ यह है कि कांग्रेस जीतती है या नहीं।

तमिलनाडु जरुर दिलचस्प चुनाव है क्योंकि एमके स्टालिन ने तमिल उप राष्ट्रीयता और भाषायी अस्मिता के साथ साथ विकास की राजनीति भी की है। देश की 15 फीसदी पंजीकृत विनिर्माण ईकाई तमिलनाडु में है और 15 फीसदी मजदूर वहां काम करते हैं। चाहे निवेश की बात हो, प्रति व्यक्ति आय की बात हो, जीडीपी की बात हो या औद्योगिक विकास की बात हो, तमिलनाडु मिसाल बना है। वहां भाजपा सनातन और हिंदी के सम्मान की बात करती है लेकिन उसकी सहयोगी अन्ना डीएमके ऐसा नहीं करती है। वह भी मोटे तौर पर डीएमके वाले एजेंडे पर ही चलती है। भाजपा राज्य की राजनीति में छोटी पार्टी है और बहुत कम सीटों पर लड़ेगी। लेकिन उसका प्रयास होगा कि अन्ना डीएमके के कंधे पर सवार होकर डीएमके को हराए। इससे भाजपा के लिए तमिल राजनीतिक का दरवाजा खुलेगा और कांग्रेस की एक बड़ी मददगार पार्टी कमजोर होगी।

# भाजपा का सीएम, बिहार की राजनीति बदलने का संकेत

सुनील दास

राजनीति में किसी प्रदेश के राजनीतिक समीकरण बदल देना कोई आसान काम नहीं होता है। वह भी बिहार जैसे देश की राजनीति में अहम स्थान रखने वाले राज्य के राजनीतिक समीकरण बदल देना बहुत ही मुश्किल काम होता है।इसमें समय लगता है और समय लगने के कारण अपने समय का इंतजार करना पड़ता है,धैर्य रखना पड़ता है।बरसों अपने से ज्यादा दूसरे को महत्व देना पड़ता है। दूसरे को आश्वस्त करना पड़ता है कि आपके राजनीतिक दल व नेताओं का महत्व कम नही होगा।बिहार में लालू प्रसाद यह काम कर सकते थे लेकिन वह नहीं कर सके लेकिन पीएम मोदी व शाह के नेतृत्व में भाजपा बिहार की राजनीति बदलने जैसा ऐतिहासिक काम करने मे सफल रही है।भाजपा के सम्राट चौधरी का बिहार की सीएम बनना इस बात का संकेत है कि अब राज्य में नए राजनीतिक समीकरण बनने जा रहे हैं। भाजपा नेता सम्राट चौधरी को मंगलवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया है। जिससे उनके बिहार का सीएम बनने का रास्ता साफ हो गया है। इससे पहले नीतीश कुमार ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा और मंत्रिमंडल भंग कर दिया।वह राज्यसभा जाने वाले है, इससे राज्य में सत्ता में नेतृत्व परिवर्तन का रास्ता खुल गया है।भाजपा विरोधियों को इस बात पर हैरानी हो सकती है कि हालिया विधानसभा चुनाव एनडीए गठबंधन ने नीतीश कुमार को सीएम चेहरा घोषित कर लड़ा था। चुनाव के दौरान नारा भी दिया गया था कि पच्चीस से तीस फिर से नीतीश। फिर ऐसा क्या हुआ कि मार्च की शुरुआत में ही नीतीश कुमार ने खुद की राज्यसभा जाने की इच्छा जताई । चार महीने के भीतर ऐसा क्या हुआ कि नीतीश कुमार वह नीतीश कुमार जो राज्य की राजनीति छोडने को तैयार नहीं होते थे, सीएम से कम पर वह साथ देने को राजी न होते थे,वह चार महीनें सीएम पद छोड़ने कर राज्यसभा में जाने को तैयार हो गए। भाजपा ने नीतीश कुमार को ऐसा क्या समझा दिया है कि वह वही कर रहे हैं जो भाजपा चाहती है। भाजपा तो पहले भी बड़े भाई की भूमिका में आना चाहती थी लेकिन नीतीश कुमार राजी नहीं होते थे। कम सीटें जीतने पर भी भाजपा नीतीश कुमार को ही सीएम बनाने पर मजबूर हो जाती थी।यह बात तो समझ में आती है कि भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए नीतीश कुमार को सीएम का चेहरा बनाया। नीतीश चुनाव जीतने के लिए राजी भी हो गए। लेकिन सीएम पद छोड़ने व राज्य सभा जाने के लिए क्यों तैयार हुए। तैयार हुए हैं तो इसका मतलब साफ है कि भाजपा जो चाहती थी वह नीतीश कुमार ने किया है और नीतीश कुमार जो चाहते हैं, वह भाजपा करने को राजी है। बिहार की राजनीति में एक वक्त था कि भाजपा को नीतीश कुमार पर भरोसा करना पड़ता था क्योंकि बिहार की राजनीति में सरकार नीतीश कुमार के बिना बन नहीं सकती थी। सरकार बनाने के लिए भाजपा को नीतीश कुमार की बात माननी पड़ती थी। अब भाजपा ने नीतीश कुमार को यह एहसास दिला दिया है कि अब वक्त बदल गया है जैसे भाजपा ने एक समय में नीतीश कुमार पर भरोसा किया था उसी तरह अब वक्त है कि नीतीश कुमार को अपने पुत्र,राजनीतिक दल व दल के नेताओं के भविष्य के लिए भाजपा पर भरोसा करना पड़ रहा है।लगता है कि मोदी और शाह ने नीतीश कुमार को आश्वस्त कर दिया है आपके सीएम नहीं रहने पर भी बिहार में आपका,आपके पुत्र और आपके दल के नेताओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा। नीतीश कुमार खुद ही इसके लिए इसलिए भी तैयार हो गए होंगे कि उनकी शारीरिक व मानसिक सेहत भी ऐसी नहीं है कि वह किसी बड़े पद पर रहें। बिहार मे नीतीश कुमार के सामने दो ही विकल्प थे। एक भविष्य की राजनीति के लिए भाजपा पर भरोसा करना या लालू यादव के परिवार के भरोसा करना। लालू परिवार को वह देख चुके हैं कि कैसे उसने उनकी पार्टी को ही अपनी पार्टी में मिलाने की साजिश की थी। यानी बिहार की राजनीति में से नीतीश परिवार की राजनीति का सफाया करने का प्रयास किया था।इसलिए नीतीश कुमार लालू यादव परिवार पर तो भरोसा कर नहीं सकते थे.ऐसे में उनके सामने यही विकल्प बचता था कि भाजपा पर ही भरोसा किया जाए और उन्होंने यही किया है।अब आने वाले दिनों में बिहार की राजनीति में नए राजनीतिक समीकरण बनेंगे और सत्ता की लड़ाई अब दो के बीच होगी और किसी एक को ही बहुमत मिलेगा।

# गैस की समस्या को सुलझाने का प्रयास

हरिशंकर व्यास

पहले कुछ तथ्यों की बात कर लें। भारत अपनी जरुरत का 60 फीसदी गैस आयात करता है और 40 फीसदी अपने यहां बनाता है। भारत में जो गैस बनती है उसमें 25 से 28 फीसदी बढ़ोतरी करने के लिए सरकार की ओर से कहा गया है। 25 फीसदी उत्पादन बढ़ने का मतलब है कि भारत 10 फीसदी गैस और बनाने लगेगा। यानी उसके बाद भी 50 फीसदी गैस बाहर से आनी है। दूसरा तथ्य यह है कि भारत में गैस की स्टोरेज क्षमता बहुत कम है। मेंगलुरू और विशाखापत्तनम में दो स्टोरेज फैसिलिटी है, जिसमें 'इंडियन एक्सप्रेस' की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक लाख 40 हजार टन गैस स्टोर करने की सुविधा है। उसी रिपोर्ट के मुताबिक भारत में प्रति दिन की गैस की खपत 80 हजार टन की है। इसका मतलब है कि भारत के पास कायदे से दो दिन की खपत के बराबर भी स्टोरेज नहीं है। तीसरा तथ्य यह है कि भारत में दो सौ से कुछ ज्यादा बोटलिंग प्लांट हैं, जहां गैस के सिलेंडर भरे जाते हैं। वहां भी स्टोरेज की बड़ी सुविधा नहीं है और इन टाइम आपूर्ति यानी तत्काल आपूर्ति की ही व्यवस्था है। इसलिए अगर संकट बढ़ता है, जंग लंबी चलती है और कच्चे तेल व गैस की आपूर्ति प्रभावित होगी। सोचें, कोरोना महामारी के समय जब गैस की



कीमतें बढ़ीं उस समय चीन ने तेल और गैस के भंडारण की नई सुविधाएं विकसित की और सस्ता तेल व गैस खरीद कर जमा करना शुरू किया। वह 36 नई फैसिलिटी डेवलप कर रहा है, जहां गैस का भंडारण होगा। इसमें ज्यादातर फैसिलिटी समुद्र तटों पर नहीं है, बल्कि देश के अंदर है। इसी तरह वह सौ अरब गैलन से ज्यादा तेल स्टोर करने की फैसिलिटी विकसित कर रहा है। खैर उससे हमारा क्या मुकाबला? हम तो विश्वगुरू हैं!

अब यही हमलोगों की असली क्षमता की परीक्षा होनी है। अब दुनिया को यह दिखा देना होगा कि भारत विश्वगुरू है। इसके लिए गैस बनाने के नए रास्तों पर अमल शुरू करने का समय आ गया है। जैसे अमेरिका ने चट्टान से तेल निकाल लिया और अफ्रीकी देश डीप सी एक्सप्लोरेशन कर रहे हैं उसी तरह भारत को नालों से गैस बनाने और गाड़ियों के पहिए में भरी हवा से गैस बनाने के तरीके पर व्यापक रूप से अमल शुरू करना चाहिए। इससे भारत को अपनी सारी समस्या का समाधान मिल जाएगा। भारत में तो नाले ही नाले हैं। चारों तरफ नाले हैं और लगभग सभी नाले खुले हुए भी हैं। उनको शायद इसलिए भी नहीं ढका गया होगा कि पता नहीं कब इससे गैस बनाने की जरुरत आन पड़े। तमाम बड़े शहरों के बड़े नाले गंगा और यमुना जैसी नदियों में गिरते हैं और इन पवित्र नदियों की स्वच्छता में अपना योगदान देते हैं। इन तमाम बड़े बड़े नालों से गैस बनाई जा सकती है।

लोग यह सुन कर हंसने लगते हैं कि नाले से कैसे गैस बनेगी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद कहा था कि उन्होंने एक व्यक्ति को नाले की गैस से चाय बनाते देखा था। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसा नहीं है कि यह बात किसी चुनावी रैली में कही थी। उन्होंने दिल्ली के विज्ञान भवन में 10 अगस्त 2018 को वर्ल्ड बायोफ्यूल डे के कार्यक्रम में तमाम विशेषज्ञों की मौजूदगी में कही थी और सबने इस पर तालियां बजाई थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि उन्होंने एक व्यक्ति को देखा, जिसकी दुकान नाले के बराबर में थी, उसने नाले से निकलने वाली गैस को इकट्ठा किया और उसे पाइप के जरिए अपनी दुकान में लाकर उसका इस्तेमाल चाय बनाने के लिए किया। जैसे ताली, थाली बजाने से पैदा हुई ऊर्जा से कोरोना खत्म होने या लॉकडाउन से कोरोना का सर्किल टूटने जैसे तर्क गढ़ कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों को जस्टिफाई किया गया वैसे ही नाले की गैस से चाय बनाने की बात को भी बहुत से जानकारों ने जस्टिफाई किया कि नालों की मिथेन गैस का इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि पता नहीं क्यों किसी ने इस पर प्रयोग करके गैस बनाना शुरू नहीं किया? अब समय आ गया है कि नालों से गैस बनाई जाए और उसका इस्तेमाल करके दुनिया को दिखाया जाए कि भारत विश्वगुरू है।

प्रधानमंत्री मोदी ने उसी वर्ल्ड बायोफ्यूल डे के कार्यक्रम में ही यह किस्सा भी सुनाया था कि एक बार वे गुजरात में अपने काफिले के साथ जा रहे थे तो उन्होंने देखा कि उनके काफिले के आगे एक व्यक्ति स्कूटर पर ट्रैक्टर का भरा हुआ ट्यूब लेकर जा रहा था। उन्होंने उसे रूकवा कर पूछा तो उस व्यक्ति ने बताया कि उसने अपने घर पर गोबर और कचरे से बनने वाला बायोगैस प्लांट लगा रखा है। वहां वह गैस बनाता है और उसे ट्रैक्टर के ट्यूब में भर कर अपने खेत पर ले जाता है, जहां उससे अपना पंप चला कर सिंचाई का काम करता है। अब पता नहीं इस तरह के प्लांट लगाने और इस तरह से ट्यूब में भर कर उसे लोगों के घरों तक या रीफीलिंग सेंटर्स या बोटलिंग प्लांट तक ले जाने का उपक्रम देश में क्यों नहीं किया गया? लेकिन अब उसका भी समय आ गया है। बाकी इस तरह से गैस बनाने और लोगों तक पहुंचाने के और भी मौलिक उपाय जरूर भारत के पास होंगे। उनका इस्तेमाल करके गैस की समस्या को सुलझाने का प्रयास करना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### पीलिया प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य अमला मुस्तैद



दुर्ग (समय दर्शन)। वार्ड-67 सेक्टर 7 पश्चिम सड़क 37 ए भिलाई नगर में पीलिया के मरीजों की जानकारी होने पर डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के निर्देशन में एवं डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी, दुर्ग के मार्गदर्शन में डॉ. पियाम सिंग, प्रभारी अधिकारी, सिविल हॉस्पिटल सुपेला भिलाई व श्रीमती रितीका सोनवानी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, दुर्ग श्री विजय सेजुले, सुपरवाईजर, श्री हितेन्द्र कोसरे, बीईटीओ एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। सेक्टर-07, स्ट्रीट-37ए भिलाई में पीलिया ग्रस्त होने के कारण लक्षण पाये गये मरीजों का रक्त नमूना लिया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दानी से प्राप्त जानकारी अनुसार आज प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 65 घरों का भ्रमण कर 07 पीलिया से ग्रसित नए मरीज पहचान किये। इस प्रकार उक्त संक्रमित क्षेत्र में आज दिनांक तक कुल 31 पीलिया के मरीज़ मिले। जिनमें 01 पुराने मरीज डिस्चार्ज हुए। इस प्रकार भर्ती मरीज श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस भिलाई में 03, पल्स हास्पीटल, भिलाई-1 में 01 उपचाररत है। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है। पीलिया प्रदूषित जल व भोजन से फैलने वाला संक्रामक रोग है जो विषाणुओं के संक्रमण से होता है। विषाणुओं के शरीर में प्रवेश करने के 15 से 50 दिनों के भीतर बीमारी के लक्षण प्रगट होते है। पीलिया के प्रमुख लक्षण भुख न लगना, पीले रंग की पेशाब होना, भोजन का स्वाद न आना, उल्टी लगना या होना, सिर में दर्द होना एवं कमजोरी तथा थकावट का अनुभव करना, पेट के दाहिने तरफ ऊपर की ओर दर्द होना, आंखे व त्वचा का रंग पीला होना।

### रेल सुविधाओं की अनदेखी पर कोरबा में बढ़ा आक्रोश, बड़े आंदोलन की चेतावनी



कोरबा (समय दर्शन)। रेल व्यवस्थाओं की लगातार अनदेखी को लेकर कोरबा में अब जन असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। शहर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और श्रमिक नेताओं ने एकजुट होकर रेल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलने के संकेत दिए हैं। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। कोरबा विकास समिति (रेल) के बैनर तले होटल महाराजा में आयोजित सर्वदलीय बैठक में रेल सेवाओं की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता जताई गई। वक्ताओं ने कहा कि कोरबा जैसे महत्वपूर्ण औद्योगिक जिले के साथ लगातार उपेक्षापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है, जो अब बर्दाश्त के बाहर हो चुका है। बैठक में बताया गया कि कोरबा से चलने वाली ट्रेनों को अक्सर बीच रास्ते घंटों तक रोका जाता है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्टेशन पर खड़ी ट्रेनों में कोयले की धूल और गंदगी की समस्या भी बनी रहती है। इसके अलावा रेलवे फाटक के बार-बार बंद रहने से शहर की यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। एक गंभीर मुद्दा यह भी सामने आया कि कई ट्रेनें कोरबा से आगे जाने के बाद वापस नहीं लौटतीं और बिलासपुर में ही उनका संचालन समाप्त कर दिया जाता है। इससे यात्रियों को अनावश्यक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

लंबे समय से नई ट्रेनों की मांग की जा रही है, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। बैठक में कोरबा की सांसद ज्योत्सना महंत सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि अब चुप बैठने का समय समाप्त हो चुका है।

आवश्यकता पड़ने पर सभी लोग सड़क पर उतरकर संघर्ष करेंगे। इस दौरान भाजपा, कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी समेत विभिन्न दलों के नेताओं के साथ-साथ सामाजिक एवं श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 17 अप्रैल

कोंडागांव (समय दर्शन)। राज्य शासन के मंशानुरूप ग्रामीणजनों की मांगो और समस्याओं त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार 17 अप्रैल 2026 को सुबह 10 बजे से बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम छिंदली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# कोण्डागांव : कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली

### बस्तर मुन्ने कार्यक्रम अंतर्गत शिविर आयोजन के लिए दिए दिशा निर्देश



कोण्डागांव (समय दर्शन)। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में बस्तर मुन्ने कार्यक्रम, स्वस्थ बस्तर अभियान और जनगणना के कार्यों के बेहतर संचालन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही राजस्व पखवाड़ा में प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण की भी विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर ने राज्य शासन द्वारा बस्तर में योजनाओं के शत-प्रतिशत सेचुरेशन के लिए शुरू की गई बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के बेहतर आयोजन के संबंध में सभी अधिकारियों को आवश्यक तैयारी हेतु निर्देशित किया। साथ ही आज शुरू हुई मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी ग्रामीणों का डोर टू डोर स्वास्थ्य सर्वे कार्य का बेहतर संचालन करें। इसके अलावा उन्होंने सभी छात्रावासों में भी बच्चों के स्वास्थ्य जांच हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिले में टीबी स्क्रीनिंग कार्य के प्रगति की भी जानकारी ली और गांव-गांव में स्क्रीनिंग कर एक्टिव केस के नियमित मॉनिटरिंग करते हुए इलाज के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी माह से शुरू हो रहे जनगणना कार्य को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उक्त सभी कार्यक्रमों को लेकर गांव-गांव में मुनादी कराने और लोगों को जागरूक करने को भी कहा।

कलेक्टर ने बैठक में संपूर्णता अभियान के तहत विभिन्न इंडिकेटर्स में सम्बंधित विभागों के प्रगति की भी समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य अधोसंरचना विकास के लिए निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, जल जीवन मिशन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ श्री अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु विशेष प्रशिक्षण



दुर्ग (समय दर्शन)। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026-27 के लिए 10 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इस भर्ती की ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) का आयोजन 01 जून 2026 से 15 जून 2026 के मध्य किया जाना संभावित है। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ के निर्देशों के परिपालन में, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, दुर्ग द्वारा आवेदकों की सहायता के लिए 01 मई 2026 से 31 मई 2026 तक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। प्रशिक्षण का उद्देश्य पंजीकृत युवाओं को लिखित परीक्षा के लिए बेहतर ढंग से तैयार करना है। इच्छुक एवं पात्र आवेदक जो इस प्रशिक्षण का लाभ उठाना चाहते हैं, वे रोजगार विभाग के आधिकारिक पोर्टल erojgar.cg.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं । इसके अतिरिक्त, विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए आवेदक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, दुर्ग से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते हैं अथवा कार्यालय के फोन नंबर 0788-2323504 या ईमेल ddirempdurg®yv@gmail.com के माध्यम से भी जानकारी ले सकते हैं। अभ्यर्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर इस नि:शुल्क मार्गदर्शन का लाभ ले सकते है।

## कोण्डागांव : श्रमिकों के पंजीयन हेतु मोबाईल कैम्प का आयोजन



कोण्डागांव (समय दर्शन)। जिले के विभिन्न विकासखण्डों में श्रम विभाग के द्वारा मोबाइल कैम्प लगाकर श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं का आवेदन प्राप्त कर निराकरण किया जाएगा।

पंजीयन एवं नवीनीकरण हेतु आवश्यक मूल दस्तावेज आधारकार्ड (परिवार के सभी सदस्यों का), राशन कार्ड, बैंकपासबुक, मोबाईल साथ लायेंगे एवं असंगठित कर्मकार के पंजीयन हेतु सरपंच या पार्षद द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। श्रम पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रमिक पंजीयन हेतु मोबाईल कैम्प का आयोजन कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत छोटेउसरी एवं नाहकानार में 15 अप्रैल 2026 को, ग्राम पंचायत फुकागिरोला एवं सिलाटी में 05 मई 2026 को, फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हाटचपई एवं कोनगुड़ में 22 अप्रैल 2026 को, ग्राम पंचायत भोंगापाल एवं झाकरी में 13 मई 2026 को, ग्राम पंचायत भानपुरी एवं चुरेगांव में 28 मई 2026 को, माकड़ी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सोडसिवनी एवं तितना में 29 अप्रैल 2026 को, ग्राम पंचायत बड़ेसोंहगा एवं छिनारी में 20 मई 2026 को किया जाएगा।

## नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन



### -20 अप्रैल तक प्रस्तुत कर सकेंगे दावा-आपत्ति

दुर्ग, (समय दर्शन)। जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 हेतु मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों का निर्धारण किया गया है, जहाँ मतदाता सूची का अवलोकन और दावा-आपत्ति की प्रक्रिया संपन्न होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 (जुनवानी) के लिए तहसील कार्यालय भिलाई को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय बनाया गया है। इसी प्रकार, नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड क्रमांक 02 (रुआबांधा उत्तर) एवं वार्ड क्रमांक 39 (एनएसपीसीएल पुरैना) के लिए नगर पालिक निगम कार्यालय रिसाली को अधिकृत किया गया है। जनपद पंचायत दुर्ग के रिक्त वार्डों तिरगा, भोथली, बोरई, कोटनी, उमरपोटी के लिए जनपद पंचायत कार्यालय दुर्ग, जनपद पंचायत धमधा के वार्डों रूहा, पथरिया, लहंगा, नंदवाय, करेली के लिए जनपद पंचायत कार्यालय धमधा को केंद्र बनाया गया है। जनपद पंचायत पाटन के अंतर्गत आने वाले वार्डों सुरपा, तुलसी, मानिकचौरी, कसही, गोडपेन्ड्री, भनसुली (के), गोरिद, गातापार और जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र पाहंदा (अ), सांकरा के लिए जनपद पंचायत कार्यालय पाटन को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय निर्धारित किया गया है। मतदाता सूची के इस प्रकाशन के पश्चात, नागरिक अपनी आपत्तियाँ या नाम जुड़वाने हेतु आवेदन 20 अप्रैल 2026 सोमवार, अपरान्ह 3.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। इसके लिए पात्र व्यक्ति संबंधित वार्डों में स्थापित मतदान केंद्रों पर जाकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

## भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 10.50 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति



दुर्ग (समय दर्शन)। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जनहित के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए कुल 10 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभा क्षेत्र भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भिलाई नगर के विभिन्न वार्डों में बुनियादी सुविधाओं और सौंदर्यीकरण के कार्य कराए जाएंगे। इसमें मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 52, स्ट्रीट नंबर 03, सेक्टर 04 स्थित हनुमान मंदिर के पास सार्वजनिक चबूतरा निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 2.00 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार, वार्ड क्रमांक 69, सेक्टर-09 भिलाई गोल मार्केट में स्ट्रीट लाइट प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 2.50 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। अन्य विकास कार्यों के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 70 हुडको कॉलोनी से वाय शेप ब्रिज तक लगे खंभों में रोप लाइट लगाने तथा श्रीराम चौक के पास सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 2.00 लाख रूपए स्वीकृत हुए हैं। इसके अतिरिक्त, वार्ड क्रमांक 68, सेक्टर 08 भिलाई फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे स्थित मंदिर के पास पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य हेतु 1.20 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

# उप मुख्यमंत्री साव ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

**0 उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर के योगदान को बताया राष्ट्र निर्माण की नींव**

**0 बाबा साहेब ने सभी नागरिकों को दिया मौलिक और समान अधिकार : डिप्टी सीएम अरुण साव**

**0 मोदी सरकार बाबा साहेब के विचारों को बढ़ा रही आगे, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को मिलेगा अधिकार**



बिलासपुर-रायपुर, (समय दर्शन)। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज बिलासपुर के जेल चौक में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साव ने डॉ अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहेब जी की जयंती को अपने प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल किया है। उन्होंने बताया कि, उनके द्वारा बनाए गए संविधान ने देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साव ने कहा कि संविधान में अनुच्छेद 19 और 21 के माध्यम से नागरिकों को मौलिक अधिकार दिए गए हैं। वहीं अनुच्छेद 14 और 16 में धर्म, जाति, लिंग और रंग के आधार पर बिना भेदभाव सभी को समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समरस समाज की परिकल्पना की थी, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान मिले। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने 1942 में दलित महिलाओं के सम्मेलन में स्पष्ट कहा था कि किसी भी समाज की प्रगति का आंकलन महिलाओं की स्थिति से किया जाना चाहिए। नारी शक्ति की उन्नति के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। इसी सोच के साथ आज महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 2014 में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद बेटी पढ़ाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान नारी सशक्तिकरण का एक माध्यम बना। और इन 11 सालों में नारी सशक्तिकरण के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। साव ने कहा कि, नारी शक्ति वंदन अधिनियम मोदी सरकार लेकर आने वाली है। ये साबित करता है कि, डॉ अंबेडकर के विचारों को जमीन पर लाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। डॉ अंबेडकर को भाजपा ने जितना सम्मान दिया, उतना किसी सरकारों ने नहीं किया है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू जी ने भी बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्शों को समाज में स्थापित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

जयंती कार्यक्रम अवसर पर बिलासपुर महापौर श्रीमती पूजा विधानी जी, पूर्व महापौर किशोर राय जी, स्नेहलता शर्मा जी, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश तिवारी जी, राजेश सिंह जी, सुमित तिवारी जी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गांव से शहर तक ठगी क्या इंफिनिटी नाम बदलकर दोबारा आ गई

**पूर्व में कर चुकी है 4500 करोड़ का घोटाला**

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** क्रिप्टो करेंसी निवेश धोखाधड़ी को सूअर के कत्ल खाने के रूप में वर्णित किया जाता है। फाइनेंस रिपोर्ट के अनुसार 2021 से अब तक लॉन्च हुए 36 लाख से ज्यादा क्रिप्टो टोकन डेड हो चुकी है। 2025 में 52त्न टोकन फेल हुए जितने टोकन डेड होते हैं उनके मुकाबले हर दिन 5300 से ज्यादा टोकन लॉन्च हो रहे हैं। साल 2024 में मीम कॉइन और स्कैम टोकन की वजह से निवेशकों को 50 करोड़ डालर से ज्यादा का नुकसान हुआ है। जब मुनाफा सपना नहीं हकीकत लगने लगे तो सावधान हो जाइए की आफत आने वाली है। इंफिनिटी बिकान ने भी यही चला चली। मोटा रिटर्न कम इन्वेस्टमेंट भरोसे का मुखौटा यह सिर्फ फर्जी स्कीम थी। सिलसिले वर जाल था। गांव से लेकर शहरों तक फैला था। लाखों लोगों की मेहनत की कमाई निकल गया।

इंफिनिटी बिकान ने 4500 करोड़ का स्कैम किया है और ऐसी कंपनियां कभी भी नाम बदलकर दोबारा आ जाती है। छत्तीसगढ़ तो तो का स्वर्ग बन गया है कल की ही खबर है जांजगीर में 50 करोड़ का घोटाला पकड़ाया है। और नरेश गुप्ता नाम का एक आदमी इसका मुख्य आरोपी है लगभग 100 से ज्यादा लोगों के साथ ठगी हुई है। इंफिनिटी बिकान इन दिनों दोबारा सक्रिय हुई है और मध्य प्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ तक आईटी कंपनी की आड़ में दोबारा बड़ा खेल कर रही है।

### वी द्वारा डेटा के विस्तार और अनलिमिटेड डेटा प्लान्स के चलते मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में डेटा की खपत 57 फीसदी बढ़ी

**रायपुर :** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज ऐलान किया है कि नेटवर्क में लगातार विस्तार और उद्योग जगत में अग्रणी अनलिमिटेड डेटा पेशकश की वजह से उपभोक्ताओं के बढ़ते अडॉप्शन के चलते मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सर्कल में इसके डेटा की खपत 57 फीसदी बढ़ गई है। जनवरी 2025 से दिसम्बर 2025 के बीच वी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 3411 नगरों एवं शहरों में एल1800 और एल900 स्पैक्ट्रम बैंड पर 7200 से अधिक साइट्स के साथ अपने नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाया है। वी ने 11200 साइट्स पर सबसे प्रभावी 900 रू।5 स्पैक्ट्रम तैनात किया है, जिसकी वजह से खासतौर पर शहरी एवं ज़्यादा भीड़भाड़ वाले इलाकों में इंडोर कवरेज बेहतर हुआ है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में वी के ट्रूली अनलिमिटेड डेटा प्रपोज़िशन के बढ़ते अडॉप्शन के कारण भी डेटा की खपत बढ़ी है।

**वी के नॉन-स्टाप हीरो प्लान्स:** प्रीपेड उपभोक्ताओं की डेटा कोटा खत्म होने की समस्या को हल करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। मात्र रु 365 से शुरू होने वाले वी नॉन-स्टॉप हीरो प्लान पूरे महीने के लिए 24 घण्टे अनलिमिटेड 4जी और 5जी* डेटा देते हैं।

**वी के हीरो प्लान:** ये प्लान रात 12 बजे से सुबह 6 बजे के बीच नाईट-टाईम अनलिमिटेड डेटा उपलब्ध कराते हैं। यूज़र बिना किसी लिमिट के सर्फ, स्ट्रीम और शेयर कर सकते हैं। रु 349 से शुरू होने वाले ये पैक बिना किसी अतिरिक्त लागत के वीकेंड डेटा रोलओवर और डेटा डिलाइट की सुविधा भी देते हैं, जिससे 2 जीबी तक एक्स्ट्रा डेटा मिल जाता है। ये सभी ऑफर्स उन उपभोक्ताओं को खूब लुभा रहे हैं, जो बिना किसी रूकावट के निश्चिंत होकर डेटा का इस्तेमाल करना चाहते हैं।

### फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने रायपुर में पहला टेक-इनेबल्ड ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर खोलकर छत्तीसगढ़ में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया

**रायपुर।** शिक्षा कंपनी फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने छत्तीसगढ़ में अपने विस्तार को आगे बढ़ाते हुए रायपुर के पचपेड़ी नाका में एक नया टेक-इनेबल्ड पीडब्ल्यू विद्यापीठ केंद्र शुरू किया है। पीडब्ल्यू विद्यापीठ के टेक-इनेबल्ड ऑफलाइन केंद्रों में छात्र अनुभवी शिक्षकों से कक्षा में पढ़ाई करते हैं। नया पीडब्ल्यू विद्यापीठ केंद्र दूसरी मंजिल, ब्लॉक-1, पुजारी कॉम्प्लेक्स, धर्म नगर, पचपेड़ी नाका, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 में स्थित है। इस अवसर पर अंकित गुप्ता, सीईओ, विद्यापीठ-ऑफलाइन, फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू), ने कहा, पीडब्ल्यू में हम छात्रों के सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए लगातार नए रास्ते तलाशते रहते हैं। हमारा मानना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की तलाश में छात्रों को दूसरे शहरों में जाने की ज़रूरत नहीं पड़नी चाहिए, क्योंकि यह उनके लिए मानसिक और आर्थिक रूप से तनावपूर्ण हो सकता है। रायपुर में पीडब्ल्यू विद्यापीठ सेंटर खोलकर हमारा लक्ष्य टेक-इनेबल्ड क्वालिटी एजुकेशन को उनके घर के करीब लाना और देश भर में और भी एजुकेशन हब तैयार करना है।

# दिव्य दरबार में उमड़ रहाआस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं को मिल रही जीवन की नई दिशा

**दीपक पटेल/ सरायपाली ग्रामीण ( समय दर्शन )।** सरायपाली क्षेत्र के बानीगिरोला की पावन धरा में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के अंतर्गत संचालित दिव्य दरबार इन दिनों श्रद्धा, भक्ति और आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां पं. अजय उपाध्याय महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस दिव्य दरबार में दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी समस्याओं के समाधान और आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। दिव्य दरबार में गुरुदेव द्वारा श्रद्धालुओं की पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक समस्याओं का अत्यंत सरल, सारगर्भित और गहन आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समाधान किया जा रहा है। उनके अनुभवी मार्गदर्शन और प्रेरणादायी वाणी से प्रत्येक व्यक्ति को उसकी परिस्थिति के अनुरूप सही दिशा मिल रही है, जिससे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। गुरुदेव के आशीर्वचनों का प्रभाव



ऐसा है कि अनेक श्रद्धालु मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन, नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का अनुभव कर रहे हैं। उनके संदेश न केवल समस्याओं का समाधान देते हैं, बल्कि जीवन को सार्थक, संतुलित और उद्देश्यपूर्ण बनाने की प्रेरणा भी प्रदान करते हैं। यह दिव्य दरबार आज जनकल्याण का एक सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है, जहां लोगों को केवल समाधान ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की नई दृष्टि भी मिल रही है। यहां का आध्यात्मिक वातावरण, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा प्रत्येक व्यक्ति को भीतर तक प्रभावित कर धर्म, मर्यादा, सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर रहा है। निस्संदेह, पं.अजय उपाध्याय महाराज के सान्निध्य में संचालित यह दिव्य दरबार समाज में आशा, विश्वास और आध्यात्मिक जागरण का प्रभावी केंद्र बन चुका है, जो निरंतर लोगों के जीवन में सुख, शांति और नई दिशा का संचार कर रहा है।

## राजनांदगांव में सफल हुआ द्वितीय जूनियर राज्य स्तरीय स्पीड हैंडबॉल चैंपियनशिप



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव में दिनांक 12 अप्रैल दिन रविवार को स्टेट स्कूल मैदान में द्वितीय जूनियर राज्य स्तरीय स्पीड हैंडबॉल चैंपियनशिप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

राजनांदगांव जिला हैंडबाल संघ के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए जानकारी दी कि यह प्रतियोगिता राजनांदगांव के महापौर मधुसूदन यादव के मुख्य अतिथय, सूरज बुद्धदेव की अध्यक्षता, शाला विकास समिति अध्यक्ष मुकेश बघेल, प्राचार्य श्री सिंह एवं जिला हैंडबॉल संघ के सचिव प्रिंस भाटिया के विशेष आतिथ्य में तथा प्रदेश हैंडबॉल संघ अध्यक्ष शबनम अंसारी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से आए बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में फिरोज खान, रजा कुरैशी, पुष्पराज, हिरेंद्र यादव, कोविद यादव, कुणाल यादव एवं युवराज यादव का विशेष सहयोग रहा। सभी के संयुक्त प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। बालक वर्ग (अंडर-19) में राजनांदगांव की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं बिलासपुर की टीम उपविजेता रही तथा भिलाई फाइटर्स की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ग में कुणाल यादव को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तथा सोमेश्वर को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बालिका वर्ग में राजनांदगांव की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जांजगीर की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि बिलासपुर की टीम तृतीय स्थान पर रही। इस वर्ग में देनेका एलए को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तथा नेहा यादव को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सूर्यकांत जैन ने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में हैंडबाल संघ की बहुत पुरानी मांग को पूरा करते हुए फेंसिंग करवाने की घोषणा की। उक्त घोषणा से उपस्थित खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी उपस्थितजनों ने और राजनांदगांव हैंडबॉल संघ ने उनका हृदय से आभार व्यक्त किया।

सूरज बुद्धदेव ने कहा कि सभी खिलाड़ी एवं सभी कोच, रेफरी जो इस टूर्नामेंट की तैयारी में विगत दिनों से प्रयास कर रहे हैं, यह सफल आयोजन उन सभी की मेहनत का फल है।उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

वहीं कार्यक्रम समापन के पश्चात पुरस्कार वितरण अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रेखा पदम, फिरोज अंसारी, सूर्यकांत जैन, प्रिंस भाटिया, शबनम अंसारी, रवि जैन, पप्पू यादव के आतिथ्य में किया गया। सभी अतिथियों ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा खेलों के प्रति निरंतर समर्पण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## बाबा साहेब के आदर्शों से आलोकित हुआ पेंटा नवोदय, अम्बेडकर जयंती पर भव्य आयोजन




**सुकमा।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पेंटा (सुकमा-1) में भारत के महान संविधान निर्माता एवं समाज सुधारक डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर जी की जयंती अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाई गई। पूरा विद्यालय परिसर उनके विचारों की ऊर्जा और प्रेरणा से ओत-प्रोत दिखाई दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार मंडल द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके महान जीवन-संघर्ष, त्याग एवं आदर्शों को विनम्र नमन किया।

अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में प्राचार्य ने डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर जी के अद्वितीय जीवन-संघर्ष, शिक्षा के प्रति उनकी अटूट निष्ठा तथा सामाजिक समानता की स्थापना में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं और समाज में न्याय, समानता एवं भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करें। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने भाषण, कविता पाठ एवं विचार प्रस्तुति के माध्यम से बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्षों तथा भारतीय संविधान निर्माण में उनकी भूमिका को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने उनके अमर संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर जी के अमूल्य विचारों को भी स्मरण किया गया। उनके प्रसिद्ध कथन मैं किसी समुदाय की प्रगति को महिलाओं द्वारा प्राप्त प्रगति के स्तर से मापता हूँ तथा जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए, ने विद्यार्थियों को गहराई से प्रेरित किया। इन वचनों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि शिक्षा, जागरूकता और संगठित प्रयास के द्वारा ही समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव है तथा जीवन को महान उद्देश्यों के लिए समर्पित करना ही सच्ची सफलता है।


इस गरिमामय अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण श्रीमती दीपिका समरिया, श्रीमती कृष्णा भलावी, अमन पंथी, मलय कुमार गायेन, पंकज नागेश, भीष्मा, गुलाब गवई, सुश्री सरस्वती मांझी एवं श्रीमती किरण महार की सक्रिय उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

शिक्षकों ने भी अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के मूल आदर्शों न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के महत्व से अवगत कराया तथा उन्हें एक जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

## 1 – 7 निलंबन और बहाली

### प्रशासनिक कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। एक पटवारी को गंभीर आरोपों के आधार पर निलंबित किए जाने के बाद महज कुछ दिनों में ही पुन: बहाल कर दिया गया, जिससे पूरे घटनाक्रम की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह लगने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिल्हा द्वारा 01 अप्रैल 2026 को जारी आदेश के तहत पटवारी विष्णु प्रसाद निर्मलकर (पटवारी हल्का क्रमांक 03, हरदीकला टोना, तहसील बोदरी) को गंभीर अनियमितताओं के आरोप में निलंबित किया गया था। यह कार्यवाही तहसीलदार बोदरी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई थी, जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित पाए गए थे। निलंबन आदेश में स्पष्ट किया गया था कि संबंधित पटवारी के विरुद्ध विस्तृत विभागीय जांच की जाएगी और निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय एसडीएम


कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)बिल्हा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

// आदेश //

क्रमांक/.../अनु.अधि./स्टेनो/2026 — बिल्हा, दिनांक 08.04.2026

तहसीलदार, बोदरी के जांच प्रतिवेदन क्र.452/वा.तह.बोदरी/26 बोदरी, दिनांक 01.04.2026 के आधार पर श्री विष्णु प्रसाद निर्मलकर, पटवारी, प0ह0नं0 03 तहसील बोदरी को इस कार्यालय के आदेश क्रमांक/184/अनु.अधि./स्टेनो/2026 बिल्हा, दिनांक 01.04.2026 के तहत् निलंबित किया गया था।

तहसीलदार बोदरी के प्रतिवेदन क्रमांक593/वा.तह./26 बिल्हा, दिनांक 07.04.2026 से सहमत होते हुए श्री विष्णु प्रसाद निर्मलकर, पटवारी, प0ह0नं0 03 तहसील बोदरी को निलंबन से बहाल किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
बिल्हा, दिनांक 08.04.2026

पृ.क्रमांक/.../अनु.अधि./कानूनगो/2026

प्रतिलिपि:-
1. कलेक्टर(भू-अभिलेख शाखा) जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिल्हा/बोदरी को सूचनार्थ।
3. राजस्व निरीक्षक तहसील बोदरी को सूचनार्थ।
4. श्री विष्णु प्रसाद निर्मलकर, पटवारी, प0ह0नं0 03 हरदीकलाटोना, तहसील बोदरी को सूचनार्थ/पालनार्थ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)बिल्हा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

// आदेश //

क्रमांक/184/अनु.अधि./स्टेनो/2026 — बिल्हा, दिनांक 01.04.2026

विविध माध्यम से श्री विष्णु प्रसाद निर्मलकर, पटवारी, प0ह0नं0 03 तहसील बोदरी के द्वारा राजस्व प्रकरणों के लिए पैसे मांगने कि शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसके संबंध में तहसीलदार, बोदरी के जांच प्रतिवेदन क्र.452/वा.तह.बोदरी/26 बोदरी, दिनांक 01.4.2026 के आधार पर तहसीलदार के समक्ष में आवेदकों ने भी शिकायत की तथ्यों को स्वीकार किया है। प्रतिवेदन के आधार पर प्रथम दृष्टया श्री विष्णु प्रसाद निर्मलकर दोषी पाए जाते हैं। श्री निर्मलकर के उक्त कृत्य से शासन/प्रशासन की छवि धुमिल हुई है। श्री विष्णु प्रसाद निर्मलकर, पटवारी, प0ह0नं0 03 हरदीकलाटोना, तहसील बोदरी को छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-9 के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। समस्त आरोपों की विस्तृत समीक्षा हेतु विभागीय जांच संस्थित की जाती है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिल्हा के कानूनगो शाखा नियत किया जाता है। उन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
बिल्हा, दिनांक 01.04.2026

पृ.क्रमांक/ 185/अनु.अधि./कानूनगो/2026

प्रतिलिपि:-
1. कलेक्टर(भू-अभिलेख शाखा) जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिल्हा/बोदरी को सूचनार्थ।
3. राजस्व निरीक्षक तहसील बोदरी को सूचनार्थ।
4. श्री विष्णु प्रसाद निर्मलकर, पटवारी, प0ह0नं0 03 हरदीकलाटोना, तहसील बोदरी को सूचनार्थ/पालनार्थ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय बिल्हा निर्धारित रहेगा। हालांकि, घटनाक्रम ने अप्रत्याशित मोड़ तब लिया जब 07 अप्रैल 2026 को प्रस्तुत एक नए जांच प्रतिवेदन के आधार पर 08 अप्रैल 2026 को निलंबन आदेश को निरस्त करते हुए पटवारी को पुन: उनके पूर्व पदस्थापना स्थल पर बहाल कर दिया गया। आदेश में उल्लेख किया गया कि नवीन प्रतिवेदन के अनुसार आरोपों की स्थिति बदलने के कारण यह निर्णय लिया गया। इस त्वरित कार्यवाही ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय किसानों और शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए गए थे, तो इतनी जल्दी बहाली कैसे संभव हो गई। लोगों का आरोप है कि यह कार्यवाही केवल औपचारिकता निभाने के उद्देश्य से की गई प्रतीत होती है।वहीं, इस मामले में पारदर्शिता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। संबंधित अधिकारियों से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। अब आमजन के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या यह निर्णय नियमों के तहत लिया गया या फिर किसी दबाव में। क्षेत्र के लोगों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और प्रशासनिक विश्वसनीयता बनी रहे।

## अम्बेडकर जयंती के अवसर पर भीम आर्मी द्वारा गाँव के युवाओं के साथ पंचायत के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में चलाया सफाई अभियान



**सारँगढ बिलाईगढ़-टारजन महेश ( समय दर्शन )**भीम आर्मी छोटे खैरा सारंगढ़ ग्रामीण टीम नें विश्वरत्न, बोधिस्तव,भारतरत्न भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के 135 वीं जयंती के अवसर पर गाँव के युवाओं के साथ पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गाँव में सफाई अभियान चलाया इस दौरान ग्राम पंचायत खैरा छोटे के मुख्यमार्ग में फैले कचड़े को साफ करते हुए यह संदेश दिया की गाँव उस प्रत्येक नागरिक की धरोहर है जो वहाँ निवास करते हैं ऐसे में अपने धरोहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाये रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है

इस स्वच्छता अभियान में भीम आर्मी खैरा छोटे के ग्रामीण अध्यक्ष यशवंत निराला जी के साथ जिला कार्यकारिणी सदस्य निर्मल निराला, अभिषेक सिंह एवं ग्रामीण युवाओं में जयचंद जांगड़े, आशीष जांगड़े, देव निराला, मनोज निराला, मनीष निराला,उपेंद्र भारद्वाज, वीरेंद्र जांगड़े,प्रियांशु अजगल्ले,भूपेंद्र चौहान, राकेश बर्मन,मुकेश कुर्रे, कौशल चौहान, तुसेन्द्र सोनी,ओमप्रकाश निराला एवं पंचायत प्रतिनिधि विनोद साहू जी के साथ पंच प्रतिनिधि अघोरी जांगड़े जी उपस्थित रहे

## छत्तीसगढ़ के ओम यादव और अवि मानिकपुरी, भारतीय सब जूनियर बालक कोर टीम में चयनित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के ओम यादव (राजनांदगांव) और अवि मानिकपुरी (बिलासपुर) का चयन भारतीय सब जूनियर बालक प्रशिक्षण शिविर हेतु किया गया है। चयनित टिम आगामी 29 मई से 06 जून तक जापान में आयोजित होने वाली अंडर 18 एशिया कप में भाग लेगी, जिसका प्रशिक्षण शिविर भोपाल में दिनांक 19 अप्रैल से 25 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ हाकी के लिए गर्व का क्षण है। भारतीय सब जूनियर बालक हॉकी प्रशिक्षण शिविर में ओम यादव और अवि मानिकपुरी का चयन प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी साबित होगा।

फॉरवर्ड पोजीशन में खेलने वाले राजनांदगांव के ओम यादव और मिडफील्डर खेलने वाले बिलासपुर के अवि मानिकपुरी विगत 5 वर्षों से छत्तीसगढ़ हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करते आ रहे है। उक्त दोनों खिलाड़ियों का चयन राजगीर (बिहार) में आयोजित 16वीं हाकी इंडिया नेशनल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है, जहां ओम ने छत्तीसगढ़ और अवि ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था।

ओम यादव वर्तमान में



छत्तीसगढ़ राज्य खेल अकादमी बिलासपुर के आवासीय हॉकी केंद्र तथा अवि मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी भोपाल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और कोचों के मार्गदर्शन को जाता है। सब जूनियर इंडिया कोर टीम में चयन होने से दोनों भारतीय राष्ट्रीय टीम की मुख्य विकास योजना का हिस्सा बनेंगे, यहां से उसके पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का सीधा अवसर होगा।

छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि यह सफलता न केवल इन खिलाड़ियों के प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि छत्तीसगढ़ में हॉकी के बढ़ते स्तर और वहां दी जा रही ट्रेनिंग की गुणवत्ता का भी प्रमाण है। भविष्य में हमें इनसे भारतीय टीम की जर्सी में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है, उनकी इस उपलब्धि पर पूरा प्रदेश गौरवान्वित है। ओम यादव और अवि मानिकपुरी के भारतीय सब जूनियर बालक कोर ग्रुप में चयन होने पर विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन, अरुण साव उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, श्रीमती तनुजा सलामे निर्देशक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मधुसूदन यादव पूर्व सांसद एवं महापौर, अभिषेक सिंह, फिरोज अंसारी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, मनीष श्रीवास्तव, महासचिव छत्तीसगढ़ हॉकी, डी रविशंकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ए. एक्का सहायक संचालक, खेयुका बिलासपुर, राजनंदगांव, जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के सचिव शिवनारायण धकेता, जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष रोहित बाजपाई आदि ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर-खास

### हनीट्रैप के जरिए रचा गया अपहरण, मास्टरमाइंड निकला परिजन ० 5 आरोपी गिरफ्तार, नाबालिग सुरक्षित बरामद

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के अमलेश्वर थाना क्षेत्र में हनीट्रैप के जरिए रचे गए अपहरण के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने चंद घंटों में खुलासा कर दिया। इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि साजिश का मास्टरमाइंड पीड़ित परिवार का ही परिचित और भांजा निकला। पुलिस ने इस मामले में एक महिला समेत कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अपहृत नाबालिग बालक को सकुशल बरामद कर लिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा चंद्रा ने बताया कि 12 अप्रैल को प्रार्थी ने थाना अमलेश्वर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके नाबालिग बेटे को मोटरसाइकिल बनवाने के बहाने तिरंगा चौक बुलाया गया, जहां अज्ञात लोगों ने उसका अपहरण कर लिया। घटना के बाद आरोपियों ने मोबाइल के जरिए संपर्क कर धमकी भी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अमलेश्वर पुलिस, साइबर सेल और एसीसीयू की संयुक्त टीम गठित कर जांच शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की लोकेशन धमतरी जिले में ट्रेस की गई।

इसके बाद दुर्ग और धमतरी पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और बालक को सुरक्षित छुड़ा लिया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी संजय साहू, जो पीड़ित परिवार का परिचित और भांजा है, ने हेम पुष्पा साहू के माध्यम से हनीट्रैप की पूरी साजिश रची थी। योजना के तहत बालक को झांसे में लेकर साथियों के साथ मिलकर अपहरण किया गया। आरोपियों ने आर्थिक लाभ और फिरौती के उद्देश्य से इस वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है।गिरफ्तार आरोपी - शैलेन्द्र लहरे (25 वर्ष), कृष्णा साहू उर्फ करण (28 वर्ष), रविंद्र लहरे (20 वर्ष), संजय साहू (25 वर्ष), हेम पुष्पा साहू (24 वर्ष)।जब्त सामग्री- एक सेंट्रो कार, 6 मोबाइल फोन ।

# सारंगढ़ में भव्य रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ -टारजन महेश ( समय दर्शन )** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज सारंगढ़ शहर पूरी तरह से 'नीले' रंग में रंगा नजर आया। जय भीम के नारों और उत्साह के बीच जनपद कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए।



**पुष्प वाटिका से निकली विशाल रैली**- कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के पुष्प वाटिका में जनसमूह के एकत्रीकरण के साथ हुआ। यहाँ से बाबा साहब की गौरव गाथा गाते हुए एक विशाल रैली निकाली गई। गाजे-बाजे और पारंपरिक धुनों के साथ निकली इस रैली ने पूरे शहर का भ्रमण किया। युवाओं की टोली और बाबा साहब के अनुयायी हाथों में पंचशील ध्वज लिए उत्साहपूर्वक जयकारे लगा रहे थे, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय और ओजस्वी हो गया।

**जनपद कार्यालय में श्रद्धासुमन अर्पित**- रैली का समापन जनपद कार्यालय में हुआ, जहाँ मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहाँ स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर अतिथियों और गणमान्य नागरिकों ने ?गज माला (बड़ी माला): पहनाकर बाबा साहब के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

दीप प्रज्वलन: मोमबत्ती और अगरबत्ती जलाकर संविधान शिल्पी को नमन किया गया।सांस्कृतिक

**कार्यक्रमों की धूम** - इस अवसर पर लोक कला मंच के कलाकारों द्वारा विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गीतों और नाटकों के माध्यम से बाबा साहब के संघर्षों, उनके द्वारा दिलाए गए अधिकारों और समाज सुधार के कार्यों का जीवंत चित्रण किया गया। उपस्थित जनसमूह इन प्रस्तुतियों को देख भावविभोर हो उठा।

अतिथियों का उद्बोधन: शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो

मंच पर उपस्थित अतिथियों ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए उन्हें वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। वक्ताओं ने कहा: बाबा साहब केवल एक समुदाय के नेता नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के मार्गदर्शक थे। उनके द्वारा दिए गए 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के मूल मंत्र को अपनाकर ही हम एक समतामूलक समाज का निर्माण कर सकते हैं।

# भाजपा ने सोशल मीडिया विभाग की नई टीम घोषित की,अमित वखारिया बने जिला संयोजक

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर ने सोशल मीडिया विभाग की नई टीम घोषित की, अमित वखारिया जिला संयोजक और भोलशंकर जायसवाल व अजय पटेल सह-संयोजक बनाए गए।?गरियाबंद भारतीय जनता पार्टी,जिला गरियाबंद में संगठन की मजबूती के लिए अहम नियुक्तियां की गई हैं। प्रदेश संगठन के निर्देशों और वरिष्ठ नेताओं की सहमति से जिले में सोशल मीडिया विभाग के जिला संयोजक एवं सह-संयोजकों के नामों की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है।?भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव,संगठन महामंत्री पवन साय और प्रदेश संयोजक मितुल कोठारी की अनुमति के बाद जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी की सहमति से जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर ने इन नई नियुक्तियों पर मुहर लगाई है।?भाजपा द्वारा जारी की गई सूची के अनुसार,अमित वखारिया को गरियाबंद जिला सोशल मीडिया संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके साथ ही भोलशंकर जायसवाल और अजय पटेल को जिला सह-संयोजक मनोनीत किया गया है। जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर ने विश्वास जताया है कि नई टीम सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की रीति-नीति और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएगी। इन नियुक्तियों के बाद राजिम विधायक रोहित साहू,चंद्रशेखर साहू,सुरेन्द्र सोनटेके मुरलीधर सिन्हा,पारस ठाकुर,प्रीतम सिन्हा,धनराज विश्वकर्मा,सुमित पारख,रिखीराम यादव,राधेश्याम सोनवानी,रितेश यादव,मिलेश्वरी साहू,बिंदु सिन्हा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।



# ग्राम सभा का आयोजन

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर गरियाबंद एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशानुसार,आज जिले के सभी 334 ग्राम पंचायतो के मुख्यालय से ग्राम सभा का आयोजन किये गये जिसमे सर्व प्रथम संविधान निर्माता डॉ.अम्बेडकर के जन्मोत्सव, पूजन पश्चात ग्राम सभा की उब कार्यवाही प्रारंभ किया गयाजिसमे निर्धारित एजेण्डा के अलावा जळशक्ति अभियान के तहत जन सहभागिता से सोख पीट निर्माण करने,नशामुक्त पंचायत,जिला व राज्य बनाने पर शपथ लिया गया, पोषण पखवाड़ा का सुपोषित छत्तीसगढ़ बनाने के लिये शपथ दिलाया गया,एवं ग्राम पंचायत रे स्वीहत आवास को समय-सिमा मे पूर्ण करने हेतु शपथ दिलाया गया।



इसी तारतम्य में जनपद पंचायत गरियाबंद के सभी 75 ग्राम पंचायत मुख्यालयों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया; मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपर पंचायत कुमार सिंह नागेश द्वारा ग्राम पंचायत में जल संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला गया एवं सोखफ्टि बनाने का उभियान का प्रारंभ किया गया, जिसमे सरपंच/सचिव व ग्रामवासी उपस्थित रहे।ग्राम पंचायत मजरकटा में नशामुक्त गरियाबंद के तहत शपथ दिलाया गया वही जल शक्ति अभियान, PMAY एवं सुपोषित गरियाबंड के तहत शपथ दिलाई गई। सभा के ग्राम पंचायत- कोदोबार एवं बाऊळा ये मेभी जल शक्ति अभियान, MAY, सुपोषित गरियाबंद, नशामुक्त गरियाबंद पर विशेष जोर दिया गया।

# एनएमडीसी ने मनाई डॉ बी.आर. अंबेडकर की 135वीं जयंती

**हैदराबाद:** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने हैदराबाद में अपने कॉर्पोरेट कार्यालय और साथ ही देश भर में अपनी सभी परियोजना स्थलों पर भारतीय संविधान के निर्माता भारतरत्न डॉ बी.आर. अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई।

समारोह का नेतृत्व एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अमिताभ मुखर्जी ने किया। उनके साथ श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी); श्री जयदीप दासगुप्ता, निदेशक (उत्पादन); श्री अनुराग कपिल, निदेशक (वित्त) शामिल हुए तथा कर्मचारियों के साथ डॉ बीआर अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।



एनएमडीसी एचओ एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कर्मचारियों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एनएमडीसी एचओ एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष श्री बी हनुमंत राव, तथा महासचिव श्रीमती सी अन्नपूर्णा के साथ सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समारोह की शुरुआत डॉ बीआर अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद उनके जीवन और दर्शन को नमन करते हुए प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए, एनएमडीसी के सीएमडी श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि डॉ बीआर अम्बेडकर ने हमें याद दिलाया था कि स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व अलग-अलग आदर्श नहीं हैं, बल्कि जीवन का एक तरीका है जो हमारे लोकतंत्र का मजबूत आधार हैं। उनके शब्द आज तेजी से विकसित हो रही दुनिया में अत्यधिक प्रासंगिक हैं। उनके विचार हमें स्मरण कराते हैं कि सच्ची प्रगति समावेशी और न्यायसंगत विकास सुनिश्चित करने में निहित है। एनएमडीसी में हम इन आदर्शों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देते हैं जहां गरिमा, निष्पक्षता और साझा प्रगति आगे बढ़ने के हमारे मार्ग को परिभाषित करती है। डॉ. बी.आर.अम्बेडकर के कालजयी आदर्शों से प्रेरित होकर एनएमडीसी ने उनके विचारों के अनुरूप एक समावेशी और न्यायसंगत समाज का निर्माण करने की अपनी प्रतिबद्धता पुन: प्रदर्शित की। उत्सव का समापन एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसके बाद बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया गया जो शिक्षा और समान अवसरों को बढ़ावा देने पर एनएमडीसी के निरंतर फोकस को दर्शाता है।

# बाबा साहब की जयंती पर उमड़ा जनसैलाब, डीजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ निकली भव्य रैली

### समाज के लोगों ने पूरे उत्साह के साथ मनाई जयंती, जगह-जगह हुआ स्वागत,गूंजे जय भीम के नारे



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** जिले में डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने डीजे-बाजे, आतिशबाजी और आकर्षक झांकियों के साथ भव्य रैली निकाली।पूरे क्षेत्र में जय भीम के नारों से माहौल गूंज उठा और लोगों ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जयंती के अवसर पर सुबह से ही समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।युवाओं,महिलाओं और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर रैली में हिस्सा लिया।रैली अम्बेडकर चौक,छुरा मार्ग तिरंगा चौक से होते हुए विभिन्न प्रमुख मार्गों से महाविद्यालय प्रांगण में पहुंची।जिसमें डीजे की धुन पर युवा थिरकते नजर आए,वहीं आतिशबाजी से पूरे आयोजन का माहौल और भी आकर्षक बन गया।रैली के दौरान बाबा साहब की तस्वीर और झांकियां सजाई गई थीं,जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही।सर्व हिंदू समाज,सर्व गाड़ा समाज, नगरपालिका और मुस्लिम समाज द्वारा जगह-जगह समाजसेवियों और संगठनों द्वारा रैली का स्वागत किया गया और जलपान शरबत की व्यवस्था भी की गई।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष,उनके द्वारा किए गए सामाजिक सुधार और संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद किया।उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज को समानता,शिक्षा और अधिकारों का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक सभा महाविद्यालय के प्रांगण में हुआ,जहां लोगों ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने और समाज में शिक्षा व समानता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन में उत्साह और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया।

# महिलाओं को 33 आरक्षण से सशक्त होगा लोकतंत्र- पूर्णिमा मनीराम साहू



**कवर्धा (समय दर्शन)।** महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम 106 वां संवैधानिक संशोधन, 2023 को लेकर पूरे क्षेत्र की महिलाएं बहुत उत्साहित हैं। एक सकारात्मक वातावरण निर्मित होने तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम माना है।

जिला पंचायत के सभापति श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू ने इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में मिल का पत्थर कहा है। उन्होने कहा कि यह निर्णय केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के आत्मसम्मान सम्मान अधिकार और नेतृत्व क्षमता को संवैधानिक मान्यता देने वाला कदम है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से नीति निर्माण की प्रक्रिया अधिक संवेदनशील और समावेशी बनेगी। इससे समाज के हर वर्ग की अपेक्षाओं को बेहतर ढंग से अभिव्यक्त करने का अवसर मिलेगा।

देश की आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भूमिका देना ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं को नेतृत्व के नए अवसर प्राप्त होंगे और वे शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिला, सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा सकेगी इसमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और अधिक मजबूती मिलेगी। यह पहल आने वाले समय में भारतीय राजनीति की तस्वीर बदलने का सामर्थ्य रखती है यह कदम नहीं पीढ़ी की बेटियों को सार्वजनिक जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखेगा

कुल मिलाकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला नेतृत्व को नई ऊर्जा प्रदान देने वाला निर्णय सिद्ध हो रहा है, जो लोकतंत्र को अत्यधिक संतुलित सहभागी और सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक अध्याय जोड़ता है।

### पांच राज्यों के बीच राजनीतिक रोटी सेंक रही सरकार- रानू मनोज दुबे



कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष रानू मनोज दुबे ने कहा कि महिला आरक्षण के पीछे राजनीति की बू आ रही है। जब केंद्र सरकार की नियत ही ठीक नहीं है तो महिलाओं को इसका लाभ मिल पाना संदेह के दायरे में आ गया है। केंद्र की मोदी सरकार ने पांच राज्यों के चुनाव के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाया और महिला आरक्षण के नाम पर अपना राजनीतिक रोटी सेंकना चाहती है। भाजपा सरकार, महिला आरक्षण पर 'श्रेय लेने की कोशिश' कर रही है। यदि केंद्र सरकार सही मायने में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को शक्तिशाली बनाना चाहती है, तो 2023 के बाद से अभी तक क्या कर रही थी। यदि सरकार चाहती, तो इस बीच संसद का सत्र बुलाकर विपक्षी सांसदों से भी सलाह मशविरा करती और उन्हें विश्वास में लेकर आम जनता से भी विचार लेकर व्यापक तौर पर आरक्षण को लागू करती। इस तरह पांच राज्यो के चुनाव के बीच आपाधापी में संसद सत्र बुलाकर राजनीतिक रोटी नहीं सेकती।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम- सुषमा गनपत बघेल



जनपद पंचायत कवर्धा की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गनपत बघेल ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना भारत में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जो संसद और राज्य विधानसभाओं में उनकी भागीदारी को बढाएगा। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करना और आत्मनिर्भर भारत की नींव को मजबूत करना है। संसद में महिला प्रतिनिधियों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है, जो मातृशक्ति के सम्मान और अधिकार का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए देश भर में माताओं-बहनों ने इस पहल के प्रति आभार जताते हुए इसे नारी शक्ति का सम्मान और सही मायने में नारी सशक्तिकरण माना है।

### महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी- सतविंदर पाहूजा



भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष सतविंदर पाहूजा ने कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है, जो महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव ला सकता है। यह निर्णय महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाकर लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करेगा। उन्होने कहा कि महिला आरक्षण से देश की आधी आबादी को निर्णय लेने की प्रक्रिया में समान अवसर मिलेगा। लंबे समय से राजनीति में महिलाओं की संख्या कम रही है, ऐसे में यह कदम उन्हें आगे बढ़ने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। इससे न केवल महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि समाज में उनकी स्थिति भी मजबूत होगी। हालांकि, यह भी जरूरी है कि आरक्षण का लाभ जातियों में न बंटे और वास्तविक रूप से सभी वर्गों की महिलाओं तक पहुंचे और उन्हें सही मार्गदर्शन व अवसर मिले। कुल मिलाकर, 33 प्रतिशत महिला आरक्षण देश के विकास, समानता और सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक और सराहनीय पहल है।

**न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग छ.ग.**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण ब/121
वर्ष 2026

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक उत्तम कुमार सिंगौर पिता पुनाराम सिंगौर निवासी सांकरा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि स्व. कुसुम बाई सिंगौर पति उत्तम कुमार सिंगौर का मृत्यु दिनांक 21.07.2025 को ग्राम सांकरा तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: आवेदक उत्तम कुमार सिंगौर पिता पुनाराम सिंगौर निवासी सांकरा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 28/04/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/04/2026 को जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**पाटन**

# अवैध अंग्रेजी शराब पर बड़ी कार्रवाई, 30 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सफेद लाल साहू / सागरपाली(समय दर्शन)।** सागरपाली क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा है। पुलिस ने अंग्रेजी शराब पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 लीटर शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और सरायपाली पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ग्राम आंवला चक्का में दबिश देकर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा।

आंवला चक्का में दबिश देकर 167 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त कर आरोपी को जेल भेजा गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 12 अप्रैल 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि, ग्राम आंवला चक्का कोंदा दुकान के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री के लिए रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक पीले रंग की प्लास्टिक बोरी में रखी त्रश्चद्यस्रद्गठ्ठ त्रश्ड्ड स्ह्वश्चद्दद्धश्रह् ब्रांड की 167 बोतल अंग्रेजी शराब (प्रत्येक 180 एमएल) बरामद की गई। कुल शराब की मात्रा 30.060 लीटर आंकी गई, जिसकी कीमत करीब 20,040 रुपये बताई गई है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रतिराम सिदार (56 वर्ष), निवासी अवलाचक्का वार्ड नंबर 8, थाना सरायपाली बताया। पुलिस ने मौके पर ही शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया।

आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और इस तरह के अवैध कारोबार में शामिल लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।



## संक्षिप्त-खबर

### खेत में चल रहा था शराब बनाने का खेल, पुलिस पहुंची तो मचा हड़कंप, दो गिरफ्तार




**पिथौरा(समय दर्शन)।** पिथौरा क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते हुए पिथौरा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने खेत में दबिश देकर महुआ से बनी अवैध शराब का कारोबार करते हुए दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में मौके से करीब 20 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई है। आरोपी लंबे समय से खेत के बीचों-बीच इस अवैध धंधे को अंजाम दे रहे थे, ताकि किसी को भनक न लगे।

मौके पर दो व्यक्ति संदिग्ध हालत में मिले।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ,जिनसे पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम लक्ष्मण बरिहा (60 वर्ष) निवासी पिलवापाली एवं रामसिंग बरिहा (36 वर्ष) निवासी मडईडीपा कौडिया बताया।

आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस का कहना है कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जायगी।

### सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट डिफॉल्टर प्रोजेक्ट-मोक्ष कुमार प्रधान



**बसना(समय दर्शन)।** बसना विधानसभा में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल, हर घर जल अब जमीनी हकीकत में सवालों के घेरे में है। बसना क्षेत्र के सक्रिय कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान ने तीखे शब्दों में हमला बोलते हुए कहा कि, जिस योजना को देश के प्रधानमंत्री हृड्डह्वड्डस्रहड्ड स्थ्रस्रद्ध द्वारा ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में प्रस्तुत किया गया था, वही आज क्षेत्र में डिफॉल्टर प्रोजेक्ट बनकर रह गई है।

प्रधान ने बताया कि महासमुन्द जिलाअंतर्गत दो प्रमुख ब्लॉक बसना और पिथौरा में करोड़ों रुपये की लागत से जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण, पाइपलाइन बिछाने और हर घर तक पानी पहुंचाने का दावा किया गया था। कागजों में यह योजना भले ही पूरी दिख रही हो, लेकिन हकीकत में अनेक गांव के लोग आज भी बूंद-बूंद पानी के लिए तरसने को मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि कई गांवों में पानी टंकियां तो खड़ी कर दी गई हैं, पाइपलाइन भी बिछाई गई है, लेकिन पानी का नामोनिशान नहीं है। कहीं मोटर खराब पड़ी है, कहीं पाइपलाइन अधूरी है, तो कहीं बिजली की समस्या के कारण सप्लाई ठप है। कई जगह पाईप बिछाने के लिए रोड व गली को बीचोंबीच खोदा गया पक्की गली को खोदने के बाद आज तक मरम्मत ही नहीं किया गया है?

परिणामस्वरूप ग्रामीणों को आज भी पुराने हैंडपंप और कुओं पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

मोक्ष कुमार प्रधान ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि अभी भीषण गर्मी की शुरुआत भी नहीं हुई है और यह हाल है, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है। जब तापमान चरम पर पहुंचेगा, तब ग्रामीणों का जीना मुहाल हो जाएगा और सरकार की नाकामी साफ नजर आएगी।

उन्होंने आगे कहा कि जब यह योजना लॉन्च हुई थी, तब हर पेट्रोल पंप, हर सरकारी प्रचार में हर घर नल, हर घर जल का नारा गूंज रहा था और इसे देश का सबसे बड़ा जनकल्याणकारी प्रोजेक्ट बताया गया था। लेकिन आज वही योजना जमीनी स्तर पर पूरी तरह फेल साबित हो रही है और जनता इसे डिफॉल्टर प्रोजेक्ट कहकर पुकार रही है।

प्रधान ने आरोप लगाया कि इस योजना में भारी भ्रष्टाचार, लापरवाही और निगरानी की कमी साफ दिखाई देती है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद यदि लोगों को पानी नहीं मिल रहा, तो यह सीधे-सीधे जनता के साथ धोखा है।

अंत में उन्होंने प्रशासन और सरकार से मांग की कि इस योजना की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए, दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, और जल्द से जल्द हर गांव में नियमित पानी आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

अगर समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले समय में यह मुद्दा बड़ा जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

# बसना में फसल बीमा में अनियमितता की शिकायत पर प्रशासन मौन

**बसना ( समय दर्शन )।** बसना तहसील क्षेत्र में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल प्रयोग में कथित अनियमितता की शिकायत किए जाने के बावजूद 100 दिनों से अधिक समय बीत जाने पर भी प्रशासन द्वारा जांच टीम का गठन नहीं किए जाने से मामला चर्चा का विषय बन गया है।

शिकायतकर्ता ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए शीघ्र निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना को आवेदन सौंपकर पूरे मामले की जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधितअधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई थी। शिकायत में बताया गया है कि जिला महासमुंद के ब्लॉक बसना के कई गांवों में खरीफ वर्ष 2025-26 के दौरान फसल बीमा योजना के तहत किए गए फसल प्रयोग में गड़बड़ी की आशंका है।




आवेदन के अनुसार धान सिंचित फसल के लिए ग्राम भैंसाखुरी, पिताईपाली, बड़ेडाभा, सोनामुंदी, अंकोरी, रूपापाली, छिर्राचुवां और बंसुलीडीह में प्रति हेक्टेयर औसत उत्पादन क्रमशः 1165.164, 1935.987, 1527.464, 1946.840, 1620.000, 1733.499, 1334.880 एवं 1877.760 किलोग्राम बताया गया है।

कहीं धान असिंचित फसल के लिए प्रति हेक्टेयर औसत उत्पादन 851.400, 1583.988, 1396.048, 882.868, 522.360, 1151.280, 803.160 एवं 969.441 किलोग्राम दर्ज किया गया है, जिस पर शिकायतकर्ता ने सवाल उठाते हुए इसे जांच का विषय बताया है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फसल प्रयोग से जुड़े कुछ अधिकारी-कर्मचारी किसानों को बीमा राशि दिलाने के नाम पर अनियमितता कर स्वयं लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही संबंधित क्षेत्रों में वास्तविक धान उत्पादन, किसानों द्वारा किए गए विक्रय तथा समर्पित रकबे की भी जांच कराने की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि खरीफ वर्ष 2024-25 में भी कुछ स्थानों पर औसत उत्पादन कम दर्शाकर बीमा राशि दिलाने की बात सामने आई थी, जिसकी भी जांच होना आवश्यक है।

**100 दिन से बाद भी नहीं बनी जांच टीम-** शिकायत किए जाने के बाद 100 दिनों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक प्रशासन द्वारा इस मामले में न तो जांच टीम का गठन किया गया है और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की गई है। इससे किसानों और शिकायतकर्ता में नाराजगी देखी जा रही है।

शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों के हितों की रक्षा हो सके और फसल बीमा योजना में पारदर्शिता बनी रहे।

# तहसीलदार की अगुवाई में लहरौद पड़ाव से अतिक्रमण हटाने के बाद मलबा हटाया गया



**पिथौरा( समय दर्शन )।** पिथौरा नगर से सटे एरिया ग्राम पंचायत लहरौद द्वारा मलवा हटाने के दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा जेसीबी में तोडफोड़ कर वापस भगाने की खबर प्रकाशन के बाद सोमवार की शाम स्थानीय तहसीलदार मनीषा देवांगन द्वारा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर मलवा साफ करवाया।

ज्ञात हो कि ग्रामीणों द्वारा बीते दिनों ग्राम पंचायत से अनुरोध कर मलवा हटवाया जा रहा था।

जिसमे विगत 10 अप्रैल को ग्राम के खसरा नंबर 113/1 की 5 डिसमिल जमीन में एक ग्रामीण द्वारा अतिक्रमण कर अपना मकान बनवा लिया गया था। जिसकी शिकायत पंचायत द्वारा करने के बाद प्रशासन द्वारा सख्ती से निर्माण को तोड़ा गया था, परन्तु अब उक्त निर्माण का मलवा ग्राम पंचायत हटवाना चाहती थी, जिसे बल पूर्वक कब्जे धारी रोक रहा था।

इसकी शिकायत भी तहसीलदार के पास की गयी थी, जिसे कल मलवा हटाकर मामला समाप्त कर दिया गया। ग्राम सरपंच जयश्री अनिल सोई, घनश्याम तिवारी, राजेश रात्रे, जीवराखन साहू, सुखसिंह दीवान, राजेश कश्यप, पुष्पम यादव एवं दिनेश सहित ग्रामीणों नें प्रशासन का आभा किया है।

# सन्तराम बंजारा बने फुलझर बंजारा समाज के अध्यक्ष



**बसना ( समय दर्शन )।** फुलझर बंजारा समाज बसना का वार्षिक सम्मेलन दिनांक दिनांक बीते दिन बंजारा धर्मशाला गढ़फुलझर में आयोजित हुआ।

जिसमें परिक्षेत्र अंतर्गत सभी 34 टांडा नायक उपस्थित हुए। साथ ही महासभा अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ ओड़िसा मध्यप्रदेश महासभा के पदाधिकारी गण, शिवरीनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष व पदाधिकारी गण तथा समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष एवम सभी पदाधिकारी गण सैकड़ो की संख्या में उपस्थित हुए ।

सम्मेलन की शुरुवात संत सेवालाल महाराज, गुरुनानक देव एवम राम जानकी याडी मेरामा की पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का सम्मान कर समाज विकास जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य ,रोजगार मूलक विषयों पर सार्थक चर्चा परिचर्चा के साथ अतिथियों का उदबोधन हुआ।

सभी वरिष्ट समाज सेवको ने अपने विचार रखे ,इसके पश्चात पूर्व पदाधिकारी गणो के सहमति से समाज मे नए पदाधिकारी गणो के निर्वाचन पर सहमति बनी।

बाहर से आये अतिथियों द्वारा मनोनयन की प्रक्रिया सुरु किया गया, जिसमें फुलझर परिक्षेत्र के 34 टांडा नायकों द्वारा मनोनयन कर सन्तराम बंजारा शिक्षक ग्राम भालुपतेरा रसोड़ा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवम दिलीप नायक गुरुजी बसना को सचिव, रामेश्वर नायक डोंगरीपाली को कोषाध्यक्ष, नरेश नायक झिलमिला सरायपाली को उपाध्यक्ष एवम टिकेश्वर नायक अंकोरी को सह सचिव के पद पर मनोनीत किया गया।

इस बार समाज के नायकों द्वारा युवाओ पर भरोसा जताया है। युवाओ के अच्छे सोच से समाज मे हर क्षेत्र में विकास होगा।सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी गणो ने समाज के टांडा नायकों एवम वरिष्ट समाज सेवको का आभार जताया एवम विश्वास दिलाया कि, हम सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी गण सभी को साथ लेकर समाज का विकास करेंगे। सदैव समाज के वरिष्ट जनों का पूर्व पदाधिकारी गणो का, युवाओ का ,मातृ शक्तियों का सम्मान कर समाज को विकास की नई दिशा देने में अपना अहम योगदान देंगे।

इस अवसर पर बंजारा समाज के सभी पदाधिकारी गण, वरिष्ट समाज सेवक गण तथा अन्य परिक्षेत्र से पधारे अतिथि गण, फुलझर क्षेत्र के सभी 34 टांडा के नायक गण एवम सभी सामाजिक गण, सभी टांडा के युवा साथी गण, काफी संख्या में समाज सेवक गण उपस्थित थे। सभी ने नव निर्वाचित पदाधिकारी गणो को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामनाएं दिए।

# भारतीय संस्कृति परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छात्र कोमल साहू का सम्मान



**बेमेतरा:** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, ठेलका (सेजेस ठेलका) के कक्षा 11वीं के छात्र कोमल साहू ने भारतीय संस्कृति परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिससे विद्यालय, ग्राम एवं जिले का नाम गौरवान्वित हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू द्वारा छात्र का सम्मान किया गया।

मंगलवार को जिला मुख्यालय बेमेतरा स्थित गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री परिवार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

विधायक ईश्वर साहू ने कोमल साहू को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति से जुड़े ऐसे आयोजनों में विद्यार्थियों की सहभागिता न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाती है, बल्कि उनमें संस्कार, अनुशासन एवं राष्ट्रीय भावना का भी विकास करती है। उन्होंने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

विद्यालय के प्राचार्य टिकेश्वर लाल साहू एवं संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी श्री धर्मपाल वर्मा ने भी छात्र की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। साथ ही संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कोमल साहू को बधाई दी।

इस अवसर पर बेमेतरा जिला के सभी विकास खंड शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब अंबेडकर की शोभायात्रा में उमड़े अनुयायी, गूंजे जयभीम के जयकारे

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर मंगलवार को बुद्ध विहार समिति शंकरनगर द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में जय भीम के जयकारे गुंजायमान रहे। शोभायात्रा में बाबा साहेब के अनुयायी सैकड़ो की संख्या में जुटे। इसके पहले बुद्ध विहार शंकरनगर में अंबेडकर जयंती पर सुबह पंचशील ध्वजारोहण कर डॉ बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके कार्यों और आदर्शों को याद किया गया। दोपहर बाद बुद्ध विहार शंकरनगर से डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को पूर्व विधायक अरुण वोरा ने ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पूर्व महापौर आरएन वर्मा, कांग्रेस नेता राजकुमार पाली, बुद्ध विहार समिति अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बागड़े व समाज के वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। यह शोभायात्रा बुद्ध विहार शंकरनगर से आर्यनगर, ग्रीन चौक, सिंधी कॉलोनी, राजेन्द्र पार्क, नया बस स्टैंड, पटेल चौक, इंदिरा मार्केट, पोलसायपारा, हरनाबांधा होते हुए वापस बुद्ध विहार प्रांगण पहुंची। जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा का अंबेडकर अनुयायियों ने रास्तेभर जगह-जगह स्वागत किया। शहीद चौक (ग्रीन चौक) में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने शोभायात्रा का स्वागत कर बाबा साहेब के अनुयायियों को अंबेडकर जयंती की बधाई दी। यहां शर्बत भी बांटे गए। वार्ड नं 12 के पार्षद अजीत वैद्य (अजय) के नेतृत्व में भी शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इसके अलावा रास्ते में अन्य राजनीतिक पार्टियों के नेताओं और विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत कर बाबा साहेब के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण किया गया। शोभायात्रा में बाबा साहेब के जीवन पर आधारित झांकियों के अलावा घोड़ा बग्गी व डीजे आकर्षण का केन्द्र रहे। बाबा साहेब के अनुयायियों ने डीजे की धुन में नाच गाकर अपनी खुशियों का इजहार किया। शोभायात्रा में बुद्ध विहार समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बागड़े (ज्ञानू), सचिव अशोक मड़ामें, उपाध्यक्ष के एन वासनिक, उपसचिव किशोर चौरे, कोषाध्यक्ष संजय मेश्राम, अंकेक्षक राजकुमार फुले, संगठन सचिव विजय मेश्राम, कार्यकारिणी सदस्य रामजी रंगारी, नारद गोंडाने, किशोर गोस्वामी, दिलीप सुखदेव, सप्रेम चौरे, हितेन्द्र चौहान, अतुल सूर्यवंशी, संजू श्याम कुंवर, प्रकाश बंसोड़, सीएच ढोक, किशोर चौरे, डीके माने, बौद्ध महिला मंडल अध्यक्ष संगीता मेश्राम, सचिव भारती मड़ामे, रेखा लोनारे, रीता मेश्राम, नंदा गोस्वामी, किरण गोस्वामी, रेश्मा गोडाने, आकांक्षा मेश्राम, अल्का चौहान के अलावा बाबा साहेब अंबेडकर के दुर्ग-भिलाई के अनुयायी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26